छ.ग. राज्य विद्युत कम्पनी मर्या. की गृह पत्रिका

# संकल्प

जनवरी-फरवरी 2016 ▪ वर्ष-12

E.I.T.C.
RAIPUR
(C.G.)
C.S.P.D.CO.LTD.

## राष्ट्रीय युवा दिवस

12 जनवरी 2016



उठो, जागो और
तब तक मत रुको
**जब तक लक्ष्य की
प्राप्ति न हो जाए**

- स्वामी विवेकानंद

EYE ON DEVELOPMENT OF CHHATTISGARH

स्वच्छ भारत
एक कदम स्वच्छता की ओर

छ.ग. विद्युत कं. मर्या. की गृह पत्रिका
संकल्प
जनवरी-फरवरी 2016 ▪ वर्ष-12



**संरक्षक**

▪ **श्री शिवराज सिंह**
अध्यक्ष

▪ **श्री सुबोध सिंह**
प्रबंध निदेशक (ट्रेडिंग कं. मर्या.)

▪ **श्री विजय सिंह**
प्रबंध निदेशक (पारेषण कं. मर्या.)

▪ **श्री शशिभूषण अग्रवाल**
प्रबंध निदेशक (उत्पा. कं. मर्या.)

▪ **श्री अनूप कुमार गर्ग**
प्रबंध निदेशक (होल्डिंग कं. मर्या.)

▪ **श्री अंकित आनंद**
प्रबंध निदेशक (वित. कं. मर्या.)

▪ **श्री शारदा सिंह**
कार्यपालक निदेशक (मा.सं.)

▪ **श्री गौतम मुखर्जी**
अति. महाप्रबंधक (मा.सं.)

**संपादक**

▪ **विजय कुमार मिश्रा**
उपमहाप्रबंधक (जनसंपर्क)

**सहयोग**

▪ **जाबिर मोहम्मद कुरैशी**

**छायाकार**

▪ **संजय टेम्बे**

**पता :**
**संपादक : संकल्प**
उपमहाप्रबंधक (जनसंपर्क)
छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत होल्डिंग कं. मर्या.
डंगनिया रायपुर, छत्तीसगढ़
e-mail : vijay.mishra361@gmail.com

# छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत कम्पनी मर्यादित

## प्रदेश में विद्युत प्रगति का पटल

| | नवंबर 2000 | फरवरी 2016 |
|---|---|---|
| ताप विद्युत क्षमता | 1240 मेगावॉट | 2286 मेगावॉट |
| जल विद्युत क्षमता | 120 मेगावॉट | 138.70 मेगावॉट |
| कुल ताप, जल विद्युत क्षमता | 1360 मेगावॉट | 2424.70 मेगावॉट |
| क्षमता वृद्धि | --- | 1064.70 मेगावॉट |
| अति उच्चदाब उपकेंद्रों की संख्या | 27 नग | 92 नग |
| अति उच्चदाब लाईनों की लंबाई | 5205 सर्किट कि.मी. | 11230 सर्किट कि.मी. |
| केपेसिटर स्थापित क्षमता | 94 एमव्हीएआर | 1075 एमव्हीएआर |
| 33/11 के.व्ही. उपकेंद्रों की संख्या | 248 नग | 962 नग |
| 33 के.व्ही. लाईनों की लंबाई | 6988 सर्किट कि.मी. | 18283 सर्किट कि.मी. |
| 11/04 के.व्ही. उपकेंद्रों की संख्या | 29692 नग | 121788 नग |
| 11 के.व्ही. लाईनों की लंबाई | 40556 कि.मी. | 90113 कि.मी. |
| निम्नदाब लाईनों की लंबाई | 51314 कि.मी. | 159314 कि.मी. |
| कुल आबाद ग्रामों की संख्या (जनगणना 2011 के अनुसार) | --- | 19567 |
| विद्युतीकृत ग्रामों की संख्या | 17108 | 18738 |
| विद्युतीकरण का प्रतिशत | 87.43 | 95.76 |
| विद्युतीकृत मजराटोलो की संख्या | 10375 | 25803 |
| विद्युतीकृत पंपों की संख्या | 73369 | 362701 |
| एकलबत्ती कनेक्शन की संख्या | 630389 | 1567698 |

उन्नीस हजार फीट से ज्यादा ऊँचाई पर स्थित दुनिया का सबसे ऊँचा युद्ध क्षेत्र सियाचीन है। यहां पर भारतीय सेना के शिविर के पास तीन फरवरी को अनायास विशालकाय बर्फीली दीवार ढह गई, जिसमें दबकर दस भारतीय सैनिकों की मृत्यु हो गई। देश की सीमा की चौकसी के लिए तैनात भारतीय जाबांज हंसते-हंसते अपने प्राणों की बाजी किस तरह लगाते हैं, इस हृदय विदारक घटना ने एक बार फिर उजागर कर दिया।

*''कुछ सपनों को पूरा करने निकले थे घर से किसको पता था कि घर जाना ही एक सपना बन जाएगा।''*



# अभिमन्यु साहस को नमन

**सरहद** की हिफाजत के लिए इस बर्फीले बीहड़ में तैनात सेना के जवानों की तुलना बलशाली हनुमान से करना कोई अतिश्योक्ति नहीं होगी। देवों में सर्वशक्तिमान हनुमान को कहा जाता है, अगर इंसानों में सर्वशक्तिमान साहसी और बलशाली की बात की जाये तो एक मतेन सैनिकों को ही यह दर्जा प्राप्त होगा। इसे जीवंत साकार कर दिखाया था पच्चीस फीट बर्फ की गहराई में छः दिन तक दबे जवान हनुमंतप्पा ने। जिनका नाम भी संयोगवश हनुमान ही है।

सियाचीन में तैनात सैनिकों को यद्यपि सम्पूर्ण प्रयासों के बावजूद काल के ग्रास से खींचने में नाकामयाबी मिली, किन्तु वहॉ डटे शेरदिल जवानों की जानकारी जन-जन तक उस अगरबत्ती की महक की तरह फैल गई जो दूसरों की जिंदगी में सुकुन की खुशबू बिखेरते हुए जलती है। माइनस पैतालीस डिग्री सेल्सियस से भी नीचे तापमान में रहते हुये अपने भीतर - दहकते आत्मविश्वास के बल से सुसज्जित जाबांज सैनिक को इस दिन देशभर के लोगों ने सेल्यूट कर सलामी दी।

सियाचीन का रणनीतिक महत्व बहुत ज्यादा है। इसके एक तरफ पाकिस्तान तो दूसरी ओर चीन है। यहॉ हर पल मौत का साया मंडराता रहता है। साथ ही भारी हिमस्खलन की संभावना हर पल बनी होती है, फिर भी देश की रक्षा के लिए घर परिवार से दूर वहां हंसी खुशी से तैनात रहने वाले जवानों के साहस को ''अभिमन्यु साहस'' कहना सटीक होगा। अभिमन्यु जानता था कि चक्रव्यूह से बाहर आने की कला से वह अनभिज्ञ है, अतः मृत्यु सुनिश्चित है। इसके बावजूद वह चक्रव्यूह तोड़ने घुसा और वीरगति को प्राप्त हुआ।

भारतीय सेना के नायक भी अभिमन्यु की तरह मृत्यु को अपनी मुट्ठी में लिये हुये, प्रतिकूल परिस्थितियों को सहते हुये देश की सीमा की सुरक्षा के लिए अड़े-खड़े-डटे रहते हैं। इनकी जितनी भी सराहना की जाये वह कम है। हिन्दुस्तानी सैनिकों की फर्ज अदायगी को देखकर उस दिवस पर सियाचीन की बर्फीली तूफान की रूह भी कॉप उठी होगी। शहीदों के साथ की गई अपनी घिनौनी हरकत पर पश्चाताप की ज्वाला में जलती सिसकती वह कह उठी होगी - **टूटकर भी शीशा फर्ज निभाता रहा, टुकड़े-टुकड़े में चेहरा दिखाता रहा।**

हिन्दुस्तानी फौजी अपनी जिन्दगी में अनेक बार मौत को शिकस्त देते हुए खुशी खुशी फर्ज निभाने का संदेशा देते हैं- ''पल भर की नाकामी से नाउम्मीदी क्यों पाले, जब हौसला का सूरज आसमान पर छाया है, घनी काली रातों से हम घबराए क्यूं भला। जब हम जानते हैं कि अंधेरों के बाद ही उजाला है''। सियाचीन के सेंटलांस नायक हनुमंतप्पा का हौसला उन लोगों को झकझोरने के लिए काफी है जो छोटी छोटी मुसीबत और हार की घड़ी में अपने आत्मविश्वास को खो बैठते हैं। ऐसे लोग निराश-हताश होकर कहते फिरते हैं कि अब जीकर क्या करेंगे ?


सियाचीन के शेरों की शहादत देश के हताश-निराश लोगों के भीतर ऊर्जा की नई उमंग भरते हुए अभिमन्यु साहस का दीप जलाएगी। माटी का कर्ज चुकाने आखिरी सांस तक फर्ज अदायगी करते रहने के लिए दृढ़संकल्प का बीज अवश्य बोयेगी।

**जय हिंद**

**विजय मिश्रा**

# पॉवर कंपनी में गणतंत्र दिवस समारोह सोल्लास सम्पन्न

छत्तीसगढ़ राज्य पॉवर कम्पनी मुख्यालय के गणतंत्र दिवस समारोह में पॉवर कम्पनीज के अध्यक्ष श्री शिवराज सिंह ने देश के बलिदानी सपूतों को नमन करते हुये ध्वजारोहण किया। समारोह में प्रबंध निदेशक सर्वश्री सुबोध सिंह, शशिभूषण अग्रवाल, विजय सिंह, अनूप गर्ग, अंकित आंनद एवं कार्यपालक निदेशक (मानव संसाधन) श्री शारदा सिंह सहित बड़ी संख्या में अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।



समारोह में श्री शिवराज सिंह ने कहा कि गणतंत्र भारत ने 60 वर्ष में धरातल से लेकर अंतरिक्ष तक उन्नति की अनगिनत ऊंचाईयों को छुआ है। आर्थिक विकास के लिए ऊर्जा एक अनिवार्य आवश्यकता है। छत्तीसगढ़ की बिजली के बूते देश और प्रदेश में हो रहे विकास की चर्चा सम्पूर्ण देश में हो रही है। इसके लिए विद्युत कर्मी साधुवाद के पात्र हैं।

प्रदेश में बढ़ती विद्युत की मांग के अनुरूप उपलब्धता सुनिश्चित करने हेतु विगत 6-7 वर्षो के दौरान हमने डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ताप विद्युत गृह तथा कोरबा वेस्ट ताप विद्युत विस्तार परियोजनाओं को पूर्ण किया है। निकट भविष्य में मड़वा ताप विद्युत परियोजना की 500-500 मेगावॉट क्षमता वाली दो इकाईयों से वाणिज्यिक विद्युत उत्पादन करने पुरजोर प्रयास जारी है।

हम सभी के लिए यह गर्व का विषय है कि केन्द्रीय विद्युत प्राधिकरण की रिपोर्ट के मुताबिक स्टेट सेक्टर परफारमेंस आधारित वरीयता क्रम में हमारे विद्युत गृह देशभर में दूसरे स्थान पर हैं। इसी तरह विशिष्ट तेल खपत को न्यूनतम कर कुशल प्रबंधन एवं कार्यशैली का परिचय जनरेशन कंपनी ने दिया है।

राज्य में विद्युत उत्पादन में हो रही वृद्धि के अनुरूप पारेषण कंपनी ने अपनी पारेषण क्षमता एक हजार तीन सौ पचास मेगावाट से बढ़कर छह हजार तीस मेगावाट अर्थात चार गुना से भी अधिक की है। उत्तरोत्तर सुधार के फलस्वरूप पारेषण हानि 2.96 प्रतिशत रह गई है। यह पारेषण कंपनी के अधिकारियों/कर्मचारियों की उत्कृष्ट कार्यशैली का प्रमाण है।

प्रदेश में तेज गति से विद्युत विकास करने हेतु पांच वर्षीय केपिटल इनवेस्टमेन्ट प्लान (सीआईपी) बनाया गया है। शहरी एवं ग्रामीण उपभोक्ताओं को गुणवत्तापूर्ण बिजली देने के लिए विद्युत वितरण कंपनी ने नदी, पहाड़, वनों जैसी कई बाधाओं को पार करते हुये 18 हजार से अधिक ग्राम, 25 हजार मजरा-टोलों, 15 हजार बी.पी.एल. कनेक्शन तथा 35 हजार से अधिक ऊर्जीकृत पम्पों तक सस्ती और गुणवत्तापूर्ण बिजली पहुंचाने के काम सफलतापूर्वक किये हैं। इस हेतु वितरण कंपनी के कर्मी बधाई के पात्र हैं।

जैसा कि आप सभी जानते हैं कि प्रदेश में निर्मित सूखे के स्थिति से किसानों को उबारने के लिए राज्य शासन द्वारा सिंचाई पम्पों को अतिरिक्त बिजली प्रदाय करने का निर्णय लिया गया। सरकार के इस निर्णय को वितरण कंपनी ने कुशलतापूर्वक अमली जामा पहनाया। इस दौरान लोड बढ़ने के कारण ट्रांसफार्मरों के फेल होने - जलने जैसी अनेक चुनौतियां आई किन्तु वितरण कंपनी ने इन्हें तत्परता से बदलकर अपनी बेहतर कार्यक्षमता को प्रदर्शित किया, जो कि प्रशंसनीय है।

विद्युत कंपनियों के अधिकारियों/कर्मचारियों के हितों में होल्डिंग कम्पनी ने अनेक कदम उठायें हैं। सेवाकाल के दौरान निधन होने पर मृतक कर्मचारी/अधिकारी के आश्रित परिवार को देय अनुग्रह राशि को रूपये 25 हजार से बढ़ाकर रूपये 50 हजार किया गया है। अंत में राज्य सरकार एवं उपभोक्ताओं की अपेक्षाओं के अनुरूप आगे भी कार्य करने का आव्हान श्री सिंह ने किया।

समारोह में मुख्य अग्निशमन अधिकारी श्री सी.एस.ठाकुर, परेड कमांडर श्री टी.डी. मोहरे, श्री आर.के. साहू सहित श्री ताराचंद बेन के नेतृत्व में बैण्ड दल ने मार्चपास्ट एवं परेड की प्रभावी प्रस्तुति दी। इनके प्रभावी प्रदर्शन सहित बेस्ट टर्न आउट के लिए सर्वश्री गुरूदयाल साहू, सुशील मिश्रा, मनीराम साहू, राजेश फेकर को पुरस्कृत किया गया। आभार प्रदर्शन अतिमहाप्रबंधक (मानव संसाधन) श्री गौतम मुखर्जी ने तथा समारोह का आंखों देखा हाल उपमहाप्रबंधक (जनसम्पर्क) श्री विजय मिश्रा ने प्रस्तुत किया।





# ऊर्जा विभाग की झांकी पुरस्कृत



गणतंत्र दिवस 2016 के अवसर पर प्रस्तुत ऊर्जा विभाग की झांकी को द्वितीय पुरस्कार हासिल करने का गौरव प्राप्त हुआ। यह पुरस्कार मान. मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह के हाथों पॉवर वितरण कपंनी के प्रबंध निदेशक श्री अंकित आनंद ने ग्रहण किया। इस अवसर पर उपस्थित मान. विधानसभा अध्यक्ष श्री गौरीशंकर अग्रवाल, मान. कृषि मंत्री श्री बृजमोहन अग्रवाल, मान. संस्कृति मंत्री श्री दयाल दास बघेल ने बधाई एवं शुभकामनायें दी।

ऊर्जा विभाग के अंतर्गत छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत कंपनी एवं क्रेड़ा द्वारा संयुक्त रूप से परंपरागत एवं गैर-परंपरागत ऊर्जा के विकास से ग्रामीण विद्युतीकरण की झांकी को प्रदर्शित किया गया। पर्यावरण संरक्षण को सर्वोपरि रखते हुए सौर उर्जा के अधिकाधिक उपयोग को झांकी में प्रोत्साहित किया गया।




''सबके साथ - सबका विकास'' पर केन्द्रित आकर्षक झांकी में ग्रामीण क्षेत्रों में 24 घंटे, 365 दिन गुणवत्तापूर्ण निर्बाध विद्युत आपूर्ति, उद्योगों सहित घरेलू एवं खेती किसानी में बिजली के उपयोग के अलावा विशेष रूप से आंगनबाड़ी, स्कूल एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों के विद्युतीकरण को भी प्रदर्शित किया गया।

झांकी के निर्माण एवं प्रस्तुतीकरण हेतु गठित टीम के प्रमुख रायपुर क्षेत्र के कार्यपालक निदेशक श्री एम.एल. मिश्रा एवं इस हेतु नोडल अधिकारी अधीक्षण अभियंता श्री आर.ए. पाठक के साथ विभिन्न कंपनियों के अधिकारियों-कर्मचारियों को जिम्मेदारी सौंपी गई थी।

## जगदलपुर क्षेत्र में गणतंत्र दिवस समारोह

जगदलपुर क्षेत्र में श्री जेएस नेताम, मुख्य अभियंता द्वारा ध्वजारोहण किया गया। उन्होंने गणतंत्र दिवस की बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए पॉवर कंपनी की योजनाओं एवं निर्धारित लक्ष्यों को यथासमय पूर्ण करने का आव्हान किया। जगदलपुर क्षेत्र के उत्कृष्ट कर्मचारियों को पदक एवं प्रशस्ति पत्र भी उन्होंने प्रदान किया। गणतंत्र दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित क्रीड़ा एवं सांस्कृतिक स्पर्धा का पुरस्कार वितरण किया गया जिसमें श्री नेताम सहित अधीक्षण अभियंता सर्वश्री एनके सिन्हा, आरके मिश्रा, यूआर मिर्चे, पीके शुक्ला सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## न्यूनतम ट्रांसफार्मर फेलुअर हेतु रायपुर पुरस्कृत



राज्यभर में न्यूनतम ट्रांसफार्मर विफल होने वाले संभाग को पुरस्कृत किया जाता है। वर्ष 2014-15 में ( 31 मार्च 2015 तक) न्यूनतम वितरण ट्रांसफार्मर विफल होने वाले संभाग के रूप में शहर संभाग उत्तर रायपुर का चयन किया गया। इस हेतु पॉवर कम्पनीज अध्यक्ष श्री शिवराज सिंह ने रूपये 50 हजार का पारितोषिक प्रदान किया। यह पुरस्कार कार्यपालन अभियंता श्री ए.के. लखेरा, सहायक अभियंता यशोदा रौतिया एवं श्री आशीष अग्निहोत्री ने ग्रहण किया। रायपुर शहर संभाग उत्तर में वितरण ट्रांसफार्मर विफल होने की वार्षिक दर 0.91 प्रतिशत रही, जो कि वर्ष 2014-15 की न्यूनतम दर है।

# उत्कृष्ट कार्यों हेतु 14 विद्युत कर्मी पुरस्कृत






छत्तीसगढ़ राज्य पॉवर कम्पनीज द्वारा प्रदेश में ऐतिहासिक प्रगति की जा रही है। इसका श्रेय कंपनी के निष्ठावान कर्मियों को जाता है। ऐसे अति विशिष्ट कार्य करने वाले अधिकारियों एवं कर्मचारियों को राष्ट्रीय पर्वों पर पुरस्कृत करने की गौरवशाली परंपरा रही है। गणतंत्र दिवस समारोह 2016 में इन्हें कम्पनीज अध्यक्ष श्री शिवराज सिंह द्वारा पुरस्कृत किया गया।

पुरस्कृतजनों को बधाई एवं भविष्य में और अच्छे कार्य करने के लिए शुभकामनायें देते हुये कार्यपालक निदेशक (मानव संसाधन) श्री शारदा सिंह ने उनके अतिविशिष्ट कार्यों का उल्लेख किया। पुरस्कृत कर्मियों में शामिल सहायक अभियंता मुंगेली श्री वी.एल. देवांगन को राजस्व में वृद्धि, सहायक अभियंता रायगढ़ श्री आर.के. राव को लाईन लॉस घटाने, 61 वर्षीय श्री मंगलू राम मरकाम, परि. श्रेणी-एक पंखाजूर वितरण केन्द्र कांकेर को लाईनों के संधारण कार्य, तकनीशियन श्री बृजलाल उसेंडी (संचारण-संधारण) संभाग नारायणपुर को नक्सल प्रभावित दुर्गम क्षेत्र में विद्युत आपूर्ति बहाल करने, परि. श्रेणी-एक, अति.उ.सं. संभाग भिलाई श्री देवीप्रसाद वर्मा को अतिउच्चदाब लाईन का सुधार कार्य, सहायक अभियंता श्री हेमकौशल साहू रायपुर को पारेषण लाईन प्रभावितों को मुआवजा दिलाने, कार्यपालन अभियंता श्री अतुल श्रीवास्तव कोरबा पश्चिम को बॉयलर संधारण की उत्कृष्ट कार्ययोजना हेतु राज्यस्तर का पुरस्कार प्रदान किया गया।

इसी तरह मुख्यालय स्तर पर सहायक अभियंता रायपुर सुश्री शिखा खाण्डे को सतर्कता का लक्ष्य अर्जित करने, प्रबंधक रायपुर राजकुमार राठौर को बेहतरीन अंकेक्षण कार्य, कार्यपालन अभियंात श्री वीरपाल सिंह वर्मा रायपुर को अधिकतम ट्रांसफार्मर की मरम्मत और वितरण कंपनी पर वित्तीय भार कम करने सहायक अभियंता श्री एस. सूर्यप्रकाश रायपुर को ब्राड बैण्ड कमीशन की गहन जानकारी, कार्या.सहा. श्रेणी-एक श्री छवि लाल चन्द्राकर रायपुर को उच्च दाब उपकेन्द्रों, लाईनों के प्राक्कलन तैयार करने, सहायक अभियंता श्रीमती प्राची श्रीवास्तव रायपुर को बहुवर्षीय टेरिफ याचिका संबंधी कार्यों के संपादन तथा कार्या.सहा. श्रेणी-तीन श्री अंशुल कश्यप रायपुर को भूविस्थापित-स्थापना संबंधी कार्यों में उत्कृष्टता के लिए पुरस्कृत किया गया।

## वितरण कंपनी के प्रबंध निदेशक श्री अंकित आनंद का बस्तर दौरा



छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत वितरण कंपनी के प्रबंध निदेशक श्री अंकित आनंद द्वारा 6 जनवरी 2016 को बस्तर क्षेत्र में चल रहे विद्युत विकास की योजनाओं का प्रत्यक्ष जायजा लिया गया। उन्होंने दीनदयाल उपाध्याय ग्राम ज्योति योजना तथा राजीव गांधी ग्रामीण विद्युतीकरण योजना के अंतर्गत चल रहे विद्युतीकरण कार्यों की जानकारी स्थानीय अधिकारियों से ली। इसी क्रम में बास्तानार विकासखण्ड अंतर्गत ग्राम बटकोण्टा में चल रहे कार्य का निरीक्षण भी किया। विभिन्न स्थलों के निरीक्षण उपरान्त क्षेत्रीय प्रशासनिक भवन जगदलपुर में मुख्य अभियंता श्री आरबी त्रिपाठी सहित अन्य अधिकारियों के साथ प्रशासनिक भवन में बैठक लेकर विद्युत विकास कार्यों की समीक्षा की।

## विद्युत कर्मियों ने दी अमर शहीदों को श्रद्धांजलि



छत्तीसगढ़ राज्य पॉवर कंपनी मुख्यालय विद्युत सेवाभवन प्रागंण में 30 जनवरी 2016 को शहीद दिवस पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। पूर्वान्ह 11.00 बजे आयोजित सभा में पॉवर होल्डिंग कंपनी के प्रबंध निदेशक श्री अनूप गर्ग एवं पारेषण कंपनी के प्रबंध निदेशक श्री विजय सिंह सहित बड़ी संख्या में अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित थे। उपस्थितजनों ने भारतीय स्वतंत्रता संग्राम में अपने प्राणों की आहुति देने वाले अमर शहीदों का स्मरण किया और दो मिनट मौन रहकर श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम के संयोजक कार्यपालक निदेशक श्री शारदा सिंह के नेतृत्व में उपमहाप्रबंधक (औद्योगिक संबंध) श्री जी. खण्डेलवाल ने बलिदानी सपूतों के संघर्ष पर प्रकाश डाला।

# केन्द्र की उदय (UDAY) योजना हेतु एम.ओ.यू. हस्ताक्षरित





भारत शासन, छत्तीसगढ़ राज्य शासन एवं छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत वितरण कंपनी के मध्य उदय (UDAY) योजना के अंतर्गत "उज्जवल डिस्कॉम इंश्योरेन्स योजना" हेतु 25 जनवरी 2016 को नई दिल्ली में एम ओ यू हस्ताक्षरित किए गये। इस अवसर पर उपस्थित केन्द्रीय ऊर्जा राज्य मंत्री श्री पियूष गोयल ने बधाई एवं शुभकामनाएं दी। उदय यानी उज्वल डिस्कॉम एश्योरेंस योजना केन्द्र सरकार की एक योजना है।

इस योजना के तहत् देश की बिजली की वितरण एजेंसियों को भविष्य में आत्मनिर्भर करने की योजना है। देश में वितरण कंपनियां कर्ज के भारी बोझ से जूझ रही है। उदय का उद्देश्य कर्ज में डूबी वितरण कंपनियों की वित्तीय स्थिरता के लिए स्थायी समाधान निकालना और उनकी परिचालन क्षमता में सुधार लाना है। यह देश के बिजली क्षेत्र में सुधार के लिए उठाया गया अभी तक का सबसे बड़ा कदम है। इस योजना से देश के सभी राज्य जुड़ेंगे। इसका लाभ बिजली कंपनियों को निम्नलिखित रूप से प्राप्त होगा-

- राज्य की सरकारी बिजली कंपनियों के बकाया भुगतान राज्य सरकार करेगी।
- वितरण कंपनियों पर बकाये कर्ज के बराबर बाण्ड्स जारी होंगे।
- बैंक एवं वित्तीय संस्थान बकाये कर्ज पर अब नया ब्याज नहीं लगायेंगे।
- कोयला मंत्रालय राज्य के बिजली संयंत्रों को पर्याप्त कोयला देगा।
- बिजली कंपनियों को नजदीक में कोयला ब्लॉक दिये जायेंगे।
- बिजली कंपनियों को क्रस्ड कोयले की आपूर्ति होगी।
- अन्तरराज्यीय ट्रांसमिशन लाईन का काम शीघ्रता से पूरा होगा।
- मार्च 2019 तक ट्रांसमिशन एवं वितरण हानि को कम किया जायेगा।
- बिजली खरीदी लागत मौजूदा 5.75 रूपये से घटाकर 4.39 प्रति यूनिट करने का लक्ष्य है।
- हर गांव को बिजली से जोड़ने के काम में तेजी आयेगी।
- एम.ओ.यू. पर हस्ताक्षर वितरण कम्पनी के प्रबंध निदेशक श्री अंकित आनंद एवं डॉ. अरुण कुमार वर्मा ने किया।

## बस्तर में छात्रों को गणित का ज्ञान दिया प्रबंध निदेशक श्री आनंद ने




छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत वितरण कंपनी के प्रबंध निदेशक श्री अंकित आनंद ने अपने बस्तर प्रवास के दौरान 6 जनवरी को शिक्षा गुणवत्ता अभियान के तहत प्राथमिक-माध्यमिक शाला ग्राम चोण्डीमेटावाड़ा, धाकड़पारा का निरीक्षण किया। उन्होंने शिक्षा के स्तर संबंधी चर्चा कर शाला के विद्यार्थियों को गणित विषय की जानकारी दी। साथ ही कुछ प्रश्न भी हल करने को दिये एवं उनकी जांच की।

## पॉवर कपंनी में नववर्ष मिलन समारोह सोल्लास संपन्न



छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत कंपनी मुख्यालय सेवा भवन में नववर्ष मिलन समारोह का सोल्लास आयोजन 1 जनवरी 2016 को किया गया। मिलन समारोह में उपस्थितजनों ने आपस में मंगलकामनाओं का आदान-प्रदान किया। इस अवसर पर विभिन्न कंपनीज के प्रबंध निदेशक सर्वश्री श्री एस.बी. अग्रवाल, विजय सिंह, अंकित आनंद, अनुप गर्ग सहित मुख्य सर्तकता अधिकारी राजेश व्यास ने शुभकामनायें दी। उन्होंने विद्युत उत्पादन, पारेषण, वितरण, जनकल्याण एवं सर्तकता को नये रूप में परिभाषित करते हुये उपभोक्ता सेवा सुविधा में सतत् सुधार का संदेश दिया। नववर्ष मिलन समारोह में प्रबंध निदेशकों के अलावा श्री अरूण देवांगन, श्रीमती तृप्ति सिन्हा एवं किरण लता वैद्य ने भी अपने विचारो की अभिव्यक्ति दी। समारोह का संचालन उपमहाप्रबंधक (जनसंपर्क) श्री विजय मिश्रा ने किया।



मैं अपने ट्रेनिंग सत्र के प्रत्येक मिनट से घृणा करता था, परंतु मैं कहता था- "भागो मत, अभी तो भुगत लो और फिर पूरी जिंदगी चैम्पियन की तरह जिओ"

- मुहम्मद अली

# 33/11 के.व्ही. मठपारा विद्युत उपकेन्द्र लोकार्पित



नवनिर्मित 33/11 के.व्ही. विद्युत उपकेन्द्र मठपारा का 29 फरवरी 16 का लोकार्पण समारोह छत्तीसगढ़ शासन के मान. कृषि पशुपालन धार्मिक न्यास मंत्री श्री बृजमोहन अग्रवाल के मुख्य आतिथ्य एवं मान. महापौर श्री प्रमोद दुबे की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। आर.ए.पी.डी.आर.पी.योजना के अन्तर्गत निर्मित इस उपकेन्द्र से महामाया मंदिर-वामनराव लाखे वार्ड के लगभग 6900 उपभोक्ता लाभान्वित होंगे। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि पूर्व महापौर श्री सुनील सोनी, नगर निगम रायपुर के सभापित श्री प्रफुल्ल विश्वकर्मा, नेता प्रतिपक्ष श्री सूर्यकान्त राठौर, उपनेता प्रतिपक्ष श्री रमेश सिंह ठाकुर, पूर्व नेता प्रतिपक्ष श्री सुभाष तिवारी, सतनाम पनाग, नागभूषण राव अध्यक्ष लोककर्म विभाग एवं जल कार्य विभाग, नगर निगम आयुक्त डॉ. सारांश मित्तर एवं जोन क्रमांक-6 के पार्षद-जोन अध्यक्ष श्री सालिक सिंह ठाकुर भी मंचासीन थे।

कार्यक्रम के आरंभ में कार्यपालक निदेशक श्री एम.एल. मिश्रा ने बताया कि लगभग 1.5 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित 5 एमव्हीए क्षमता के इस उपकेन्द्र की आवश्यकता लम्बे समय से महसूस की जा रही थी। इसके निर्माण से विद्युत उपभोक्ताओं को निर्बाध गुणवत्तापूर्ण बिजली की आपूर्ति होगी। आगे उन्होंने बताया कि री-एक्सलीरेटेड पॉवर डेव्हलपमेंट रीफार्म प्रोग्राम के अन्तर्गत प्रदेशभर की विद्युत अधोसंरचना को उन्नत किया जा रहा है। इससे उपभोक्ताओं की सुविधा में अभूतपूर्व वृद्धि हुई है।

मुख्य अतिथि श्री बृजमोहन अग्रवाल, महापौर श्री प्रमोद दुबे सहित अन्य विशिष्टजनों ने रायपुर शहर में विद्युत विकास के साथ ही अन्य क्षेत्रों में हो रहे चहुमुखी विकास पर प्रकाश डाला। उन्होंने स्वच्छता, विद्युत-पानी की बचत का प्रभावी संदेश दिया। साथ ही रायपुर को स्मार्ट सिटी बनाने के लिए जनभागीदारी की महत्ता को प्रतिपादित किया। इस अवसर पर समारोह के अतिथियों का स्वागत अधीक्षण अभियंता श्री आर.ए.पाठक, कार्यपालन अभियंता श्री ए.के. गौराहा, व्ही.ए.देशमुख, पी.के. खरे तथा उपकेन्द्र के निर्माणकर्ता श्रीम इलेक्ट्रिकल लिमिटेड के श्रवण कुमार-प्रशांत गुंडे आदि ने किया। कार्यक्रम का संचालन उपमहाप्रबंधक (जनसम्पर्क) श्री विजय मिश्रा ने किया।

# राज्य ग्रिड समन्वय समिति की पांचवीं बैठक सम्पन्न



छत्तीसगढ़ राज्य नियामक के ग्रिड कोड के अनुपालन में राज्य ग्रिड समन्वय समिति की पांचवीं बैठक दिनांक 28 जनवरी 2016 को राज्य भार प्रेषण केन्द्र, रायपुर में संपन्न हुई। समिति के अध्यक्ष एवं पारेषण कंपनी के प्रबंध निदेशक श्री विजय सिंह सहित 30 प्रतिनिधियों ने ग्रिड समन्वय संबंधित विषयों पर सार्थक विचार-विमर्श किया।

बैठक में छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत उत्पादन, वितरण, पारेषण कंपनी, भिलाई इस्पात संयंत्र, जिंदल स्टील पॉवर एवं रायगढ़, छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत उत्पादन संघ एवं राज्य भार प्रेषण केन्द्र के मानद सदस्य शामिल हुए। बैठक का संचालन कार्यपालन अभियंता श्री गिरीश गुप्ता द्वारा किया गया जिसमें आटोमेशन एवं डाटा कम्युनिकेशन, डिमांड आंकलन, प्रणाली संचालन, सौर ऊर्जा संबंधित चर्चा-प्रस्तुति की गई जिसमें अधीक्षण अभियंता श्री एच के देवता एवं कार्यपालन अभियंता श्री एस के चौहान द्वारा प्रभावी प्रस्तुति की गई।

बैठक के सुचारू संचालन में नमिता लकरा, रोशनी वर्मा, प्रतिभा खुटे, रजनी ठाकुर, आकांक्षा गजपाल एवं बी.ध्रुव की महत्वपूर्ण भूमिका रही। समिति के सदस्य सचिव एवं मुख्य अभियंता श्री वामन राव वानखेड़े द्वारा आभार प्रदर्शन किया गया।

# पारेषण कंपनी के 6 कर्मी पुरस्कृत

छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत पारेषण कंपनी द्वारा उत्कृष्ट कार्य करने वाले छह अधिकारियों- कर्मचारियों को प्रबंध निदेशक श्री विजय सिंह ने लोड डिस्पंच सेंटर में 29 जनवरी को प्रशस्ति पत्र एवं दो हजार रूपये नगद राशि देकर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि हमारे कर्मी नक्सल प्रभावित एवं विषम परिस्थितियों वाले क्षेत्रों में जान जोखिम में डालकर काम करते हैं। ऐसे लोगों को पुरस्कृत करने से दूसरे कर्मचारी बेहतर काम के लिए प्रेरित होते हैं। एमडी श्री सिंह ने भिलाई खेदामारा के लाइन परिचारक रामदयाल साहू और बी कोर्मा को 50 साल पुराने ट्रांसफार्मर को कम समय में सुधार करने के लिए विशेष तौर पर सम्मानित किया। इसी तरह अल्प समय में सर्वे कार्य कर लाइन बिछाने में भागीदारी देने वाले परिचारक सुधीर कुमार कुंभकार, टी रामराव और धनलाल गौतम को पुरस्कृत किया गया। जोरा स्थित 160 एमवीए ट्रांसफार्मर को स्वविवेक से ठीक कर राजधानी को बिजली संकट से बचाने के लिए सहायक अभियंता प्रशांत साहू को मैडल और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में पारेषण कंपनी के कार्यपालक निदेशक (सी एंड एल एम) श्री के.एस. मनोठिया ने कहा कि राष्ट्रीय पर्व पर उत्कृष्ट कर्मियों को पुरस्कार प्रदान करने की परम्परा उत्साहवर्धक है। इस मौके पर रमेश ठाकुर और छाया मढ़रिया ने देश भक्ति गीत प्रस्तुत किया। इस अवसर पर कार्यपालक निदेशक संजय पटेल, तृप्ति सिन्हा, आरसी चौबे, वाईबी जैन, डीजीएम (एच.आर) एचके बघेल उपस्थित थे। मंच संचालन योगेश नैय्यर ने एवं आभार प्रदर्शन ईई नीतिश चक्रवर्ती ने किया।



# गणतंत्र दिवस खेल सप्ताह में विभिन्न खेलों का आयोजन





छत्तीसगढ़ राज्य पॉवर कंपनी मुख्यालय में 18 जनवरी से 22 जनवरी तक आयोजित गणतंत्र दिवस खेल सप्ताह का शुभारंभ पारेषण कंपनी के प्रबंध निदेशक श्री विजय सिंह, पॉवर होल्डिंग कंपनी के प्रबंध निदेशक श्री अनुप गर्ग कार्यपालक निदेशक (वाणिज्य) श्री जी.सी. मुखर्जी ने किया। इस अवसर पर अतिथियों ने कहा कि खेल स्पर्धाओं से आपसी तालमेल एवं संबंधों में प्रगाढ़ता आती है। कार्यालयीन कामकाज के मध्य तनाव मुक्ति, एवं सेहत को संवारने की दृष्टि से ऐसे आयोजन बहुउपयोगी सिद्ध होते हैं। इसी तरह खेल सप्ताह के समापन दिवस पर आयोजित खेल स्पर्धा के शुभारंभ में कार्यपालक निदेशक (मानव संसाधन) श्री शारदा सिंह, केन्द्रीय क्रीड़ा एवं कला परिषद के महासचिव कार्यपालक निदेशक(वित्त) श्री एम.एस. चौहान तथा कार्यालय सचिव श्री जी.एल. चन्द्रा ने खिलाड़ियों का परिचय प्राप्त करके शुभकामनायें दीं। कार्यक्रम में अतिथियों का स्वागत केन्द्रीय क्रीडा एवं कला परिषद के पदाधिकारी सर्वश्री पी.के. खरे, सतीश शर्मा, अजय शर्मा, ईरापंत ने किया। कार्यक्रम का संचालन उपमहाप्रबंधक (जनसंपर्क) श्री विजय मिश्रा ने किया। गणतंत्र दिवस खेल सप्ताह के अंतर्गत बैडमिंटन, टेबल टेनिस, टेनिस बॉलथ्रो, कैरम, क्रिकेट, ब्रीज, शतरंज, व्हालीवॉल, कुर्सी दौड़ का आयोजन किया गया।

# मतदाता दिवस का आयोजन



छत्तीसगढ़ राज्य पॉवर होल्डिंग कंपनी के मानव संसाधन विभाग द्वारा 25 जनवरी 2016 को राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर कंपनी मुख्यालय विद्युत सेवाभवन के परिसर में पूर्वान्ह 11.00 बजे पॉवर कंपनी के प्रबंध निदेशकों सहित अधिकारियों/कर्मचारियों द्वारा शपथ ली गई। भारत के मुख्य निर्वाचन आयुक्त नई दिल्ली के निर्देशानुसार प्रतिवर्ष राष्ट्रीय मतदाता दिवस का आयोजन पूरे देश में 25 जनवरी को किया जाता है।

इस दिवस पर पॉवर जनरेशन कंपनी के प्रबंध निदेशक श्री एस.बी. अग्रवाल ने शपथ दिलाई। शपथ कार्यक्रम में प्रबंध निदेशक श्री अनूप गर्ग सहित बड़ी संख्या में अधिकारियों/कर्मचारियों ने लोकतंत्र के प्रति आस्था रखते हुये बिना किसी प्रलोभन के सभी निर्वाचनों में अपने निष्पक्ष मताधिकार प्रयोग का संकल्प लिया। पॉवर कंपनी के मानव संसाधन विभाग प्रमुख श्री शारदा सिंह के नेतृत्व में उपमहाप्रबंधक (औद्योगिक संबंध) श्री जी. खण्डेलवाल ने शपथ कार्यक्रम का संयोजन किया।



कोई व्यक्ति कितना ही महान क्यों न हो, आंखे मूंदकर उसके पीछे न चलिए। यदि ईश्वर की ऐसी ही मंशा होती तो वह हर प्राणी को आंख, नाक, कान, मुंह, मस्तिष्क आदि क्यों देता?

# डी.एस.पी.एम. में प्रशिक्षण कार्यक्रम



डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ताप विद्युत गृह, कोरबा पूर्व में 'दो दिवसीय कर्मचारी विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम' का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ कार्यपालक निदेशक (उत्पा.) श्री एम.एस. कवंर एवं अति.मुख्य अभियंता श्री बी.एन. बिश्वास ने दीप प्रज्जवलित कर किया। कार्यपालक निदेशक (उत्पा.) श्री कंवर ने प्रशिक्षण शिविर को कर्मचारियों के सर्वांगीण विकास में सहायक बताया तथा महत्व को भी रेखांकित किया। शिक्षा अधिकारी श्री के.एस. ठाकुर ने कहा कि प्रशिक्षण कार्यक्रमों का उद्देश्य 'शून्य दुर्घटना व तनावमुक्त औद्योगिक जीवन' है। कार्यकम में विद्युत गृह के कर्मचारियों द्वारा उत्साहपूर्वक भाग लिया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम कल्याण अधिकारी श्री पी.आर. खुण्टे के संयोजन में सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ।

कंजूस बनिया अपने लड़के को बुरी तरह पीट रहा था, लात-घूसों से मार रहा था।
पड़ोसी, 'अरे, क्यों मार रहे हो बेचारे को ?'
कंजूस की बात सुनकर पड़ोसी का हार्ट फेल होने से बचा।
कंजूस बच्चे के कान पर चांटा मारते हुए बोला, 'मैंने इसको बोला था - एक सीढ़ी छोड़कर सीढ़ियां चढ़ना, चप्पल कम घिसेगी। साला दो सीढ़ी छोड़कर चढ़ा ..... पजामा फाड़ लाया।



## डी.एस.पी.एम. विद्युत गृह को सर्वश्रेष्ठ विद्युत गृह का पुरस्कार



छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत उत्पादन कम्पनी द्वारा वर्ष 2014-15 के दौरान अपनी विभिन्न इकाईयों की कार्यनिष्पत्ति का वार्षिक मूल्यांकन किया गया। इस आधार पर समस्त विद्युत गृहों की तुलना में 2×250 मेगावॉट क्षमता के डॉ. श्यामाप्रसाद मुखर्जी ताप विद्युत कोरबा को सर्वश्रेष्ठ विद्युत गृह के रूप में चिन्हित कर रूपये तीन लाख का पारितोषिक प्रदान किया गया। यह पुरस्कार गणतंत्र दिवस समारोह 2016 में कंपनीज अध्यक्ष श्री शिवराज सिंह के हाथों अतिरिक्त मुख्य अभियंता श्री बी.एन. बिश्वास ने ग्रहण किया।

विदित हो कि डॉ. श्यामाप्रसाद मुखर्जी ताप विद्युत गृह कोरबा पश्चिम द्वारा वर्ष 2014-15 के दौरान 3748.919 मिलियन यूनिट विद्युत उत्पादन कर 85.59 प्रतिशत प्लांट लोड फेक्टर दर्ज किया गया। इस विद्युत गृह ने छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत नियामक आयोग द्वारा वित्तिय वर्ष 2014-15 के दौरान निर्धारित समस्त लक्ष्यों को अर्जित करते हुये विशिष्ट तेल खपत 0.21 मिली लीटर प्रति इकाई आक्जलरी खपत 7.77 प्रतिशत एवं 2471 किलो कैलोरी प्रति इकाई हीट रेट (कोयला खपत) के साथ उत्कृष्ट कार्यनिष्पत्ति को प्रदर्शित किया।

## कुशल राजस्व प्रबंधन हेतु रायगढ़ पुरस्कृत

छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत वितरण कंपनी द्वारा प्रतिवर्ष राजस्व वृद्धि के लिए कारगर उपाय किये जाते हैं। फलस्वरूप वर्ष दर वर्ष राजस्व मांग एवं संग्रहण में वृद्धि कर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले संभाग को पुरस्कृत किया जाता है। वर्ष 2014-15 में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए गणतंत्र दिवस समारोह 2016 में रायगढ़ संचारण-संधारण क्रमांक-2 को उक्त उपलब्धि के आधार पर रूपये 50 हजार का पारितोषिक



पॉवर कम्पनीज अध्यक्ष श्री शिवराज सिंह ने प्रदान किया। यह पारितोषिक कार्यपालन अभियंता श्री रणधीर देयासी ने ग्रहण किया। रायगढ़ संभाग-दो ने वर्ष 2014-15 में राजस्व मांग में 138.12 प्रतिशत, राजस्व संग्रहण में लक्ष्य का 123.24 प्रतिशत उपलब्धि हासिल करने के साथ साथ लंबित बकाया राशि में भी रूपये 361.8 लाख की कमी लाने का उत्कृष्ट कार्य किया।

## ए टी एण्ड सी हानि कम करने बलौदा बाजार संभाग पुरस्कृत



छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत वितरण कंपनी द्वारा प्रतिवर्ष वितरण हानि तथा ए टी एण्ड सी हानि कम करने हेतु संभागों एवं वृत्तों की सर्वश्रेष्ठ कार्यनिष्पत्ति के लिए पुरस्कृत किया जाता है। वर्ष 2014 एवं 2015 में इस क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिए बलौदा संचारण-संधारण संभा को पॉवर कम्पनीज अध्यक्ष श्री शिवराज सिंह द्वारा 50 हजार रूपये का पारितोषिक प्रदान किया गया। यह पुरस्कार बलौदा बाजार के कार्यपालन अभियंता श्री व्ही.के. राठिया, सहायक अभियंता श्री शेखर सोनी ने ग्रहण किया। बलौदा बाजार संभाग द्वारा वर्ष 2014-15 के लिए वितरण हानि तथा टी एण्ड डी लॉस कम करने हेतु निर्धारित लक्ष्य से भी अधिक कम करने का कीर्तिमान स्थापित किया गया।




## पॉवर लिफ्टिंग में लखपति सिंह सिंदूर को प्रथम स्थान

पॉवर लिफ्टिंग चैम्पियनशिप में श्री लखपति सिंह सिंदूर ने प्रथम स्थान अर्जित कर पॉवर कंपनी परिवार को गौरवान्वित किया। छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर लिफ्टर्स एसोसिएशन द्वारा भिलाई में दिनांक 7 फरवरी 2016 को आयोजित पॉवर लिफ्टिंग चैम्पियनशिप में छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत होल्डिंग कंपनी के औषधालय, डंगनिया में कार्यरत श्री लखपति सिंह सिंदूर ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर 75 किलोग्राम मास्टर वर्ग में मेरिट सर्टिफिकेट प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया। उल्लेखनीय है कि श्री सिंदूर ने पूर्व में भी 28-29 नवम्बर 2015 को रायपुर में आयोजित पॉवर लिफ्टिंग चैम्पियनशिप में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर 75 किलोग्राम वर्ग में प्रथम स्थान तथा 30 जनवरी को कोरबा पश्चिम में आयोजित शक्तितोलन स्पर्धा में कांस्य पदक प्राप्त किया है।

# पॉवर कंपनी से सेवानिवृत्त अधिकारी-कर्मचारियों की विदाई





छत्तीसगढ़ राज्य पॉवर होल्डिंग-ट्रांसमिशन कंपनी से सेवानिवृत्त हुये कर्मियों को मुख्यालय डंगनिया में भावभीनी विदाई 30 जनवरी 2016 को दी गई। इस अवसर पर होल्डिंग कंपनी के प्रबंध निदेशक श्री अनूप गर्ग एवं ट्रांसमिशन कंपनी के प्रबंध निदेशक श्री विजय सिंह, कार्यपालक निदेशक (मानव संसाधन) श्री शारदा सिंह ने सेवानिवृत्तजनों को प्रतीक चिन्ह और प्रमाण पत्र प्रदान किया। सेवानिवृत्त अधिकारियों / कर्मचारियों में उपमहाप्रबंधक (विधि) श्री डी.के. शुक्ला रायपुर सहित पारेषण कंपनी के सर्वश्री चमरूदास मानिकपूरी, ईश्वुलाल राहंगडाले रायपुर, निर्मल कुमार शर्मा रायपुर, एल. सत्यनारायण राव बिलासपुर, नथनी प्रसाद भिलाई, शिवकुमार वर्मा रायपुर, नरेश निषाद रायपुर, और लक्ष्मण हल्बा जगदलपुर को प्रतीक चिन्ह और सेवा प्रमाण पत्र भेंट किया गया। इन्हें शुभकामनायें देते हुये उच्चाधिकारियों ने इनकी सेवाओं को विद्युत विकास के लिए महत्वपर्ण निरूपित किया। विदाई समारोह में सेवानिवृत्तजनों ने अपनी सेवायात्रा में अधिकारियों/कर्मचारियों से मिले सहयोग के प्रति आभार व्यक्त किया।

विदाई समारोह में होल्डिंग कंपनी के अति. महाप्रबंधक श्री गौतम मुखर्जी डी.डी. पात्रीकर, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. एच.एल. पंचारी तथा पारेषण कंपनी के कार्यपालक निदेशक के.एस. मनोठिया चीफ इंजीनियर डब्ल्यू.आर. वानखेड़े, आर.सी. चौबे तथा वित्त विभाग के जीएम वाई.बी. जैन, अति. मुख्य अभियंता श्रीमती तृप्ति सिन्हा आदि ने सेवानिवृत्तजनों को शुभकामनायें दी। श्रीमती ईरा पंत और श्री सुनील पांडे ने शहरीकरण के दौर में बिखरते परिवारों पर गीत प्रस्तुत किया। मंच संचालन उपमहाप्रबंधक (जनसम्पर्क) श्री विजय मिश्रा एवं योगेश नैय्यर ने किया। आभार प्रदर्शन डीजीएम (एचआर) एच.के. बघेल ने किया।

# गणतंत्र दिवस पर राजनांदगांव क्षेत्र में सम्मान समारोह



राजनांदगांव क्षेत्र के क्षेत्रीय प्रशासनिक भवन में आयोजित गणतंत्र दिवस समारोह में मुख्य अभियंता श्री प्रहलाद सिंह ने ध्वजारोहण कर तिरंगे को सलामी दी एवं उत्कृष्ट कार्य करने वाले छह कर्मचारियों को सम्मानित किया। इस अवसर पर उन्होंने बधाई देते हुए सतत् उन्नति की ओर आगे बढ़ने का आह्वान किया। समारोह में सर्वश्री हेमराज साहू, सुनउ कुमार मरठा, किशोर कुमार दखने, कली राम, अविनाश कापरे, दशरथ लाल वर्मा को प्रशस्ति पत्र एवं रजत मेडल प्रदान कर सम्मानित किया गया।

समारोह में अधीक्षण अभियंता श्री आर.एन. याहके ने संबोधित करते हुए राज्य शासन एवं पॉवर कंपनी की रीति-नीति के अनुरुप प्रदेश में विद्युत विकास संग उपभोक्ता सेवा में सतत् गुणवत्ता लाने का आव्हान कर्मचारियों/अधिकारियों से किया। कार्यक्रम में अधीक्षण अभियंता श्री बी.पी. गुप्ता, कार्यपालन अभियंता श्री एस.आर. गुर्जर, श्री जे.एस. चौधरी, श्रीमती एम. नागवंशी, श्री एस. कंवर एवं श्री ओ.पी. बन्छोर तथा लेखाधिकारी श्री एल.के. मेश्राम एवं क्षेत्र के समस्त सहायक/कनिष्ठ यंत्री सहित समस्त अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित हुए। कार्यक्रम का संयोजन, संचालन एवं आभार प्रदर्शन कल्याण अधिकारी श्री ए.के. पिल्लई द्वारा किया गया।

# क्षेत्रीय मुख्यालय गुढ़ियारी में गणतंत्र दिवस समारोह




क्षेत्रीय मुख्यालय गुढ़ियारी रायपुर में ''गणतंत्र दिवस'' समारोह में अतिरिक्त मुख्य अभियंता श्री व्ही.के.साय ने ध्वजारोहण कर विद्युत कम्पनीज अध्यक्ष के संदेश का वाचन किया। समारोह में उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को संबोधित किया। इस अवसर पर रायपुर क्षेत्र के उत्कृष्ट कर्मियों में शामिल नगर सम्भाग पूर्व रायपुर के श्री ढालचन्द नायक, श्री शोभा राम साहू, श्रीमती सोनल लाल, श्री रतिराम पटेल, श्री अनुज राम वर्मा, तथा श्री तिहारू राम यादव को विद्युत कम्पनी की ओर से देय पदक और प्रशस्ति-पत्र प्रदान कर श्री साय ने पुरस्कृत किया। इसी तरह 151वाँ तकनीकी प्रशिक्षण में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले श्री नीरज कुमार सिंह परिचारक श्रेणी-दो (ला), 152वाँ तकनीकी प्रशिक्षण में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले श्री पुना राम साहू परिचारक वर्ग-दो (ला) तथा 76वाँ लेखा प्रशिक्षण में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले श्री राकेश कुमार लिमजे कार्यालय सहायक श्रेणी-दो को पदक एवं प्रमाण-पत्र प्रदान कर मुख्य अतिथि श्री साय ने पुरस्कृत किया. समारोह में अतिरिक्त मुख्य अभियंता श्री राजेन्द्र प्रसाद के साथ ही अधिकारी/कर्मचारी और गणमान्य नागरिक उपस्थित थे. कार्यक्रम का संचालन तथा आभार प्रदर्शन कल्याण अधिकारी श्री दीनानाथ वर्मा द्वारा किया गया.

# त्रिदिवसीय अखिल भारतीय विद्युत मण्डल शतरंज स्पर्धा में केरल विजेता - गुजरात उपविजेता



छत्तीसगढ़ में पहली बार आयोजित अखिल भारतीय विद्युत मण्डल शतरंज स्पर्धा में केरल की टीम को विजेता एवं गुजरात की टीम को उपविजेता होने का गौरव प्राप्त हुआ। तीसरे स्थान पर मध्यप्रदेश पॉवर कंपनी की टीम रही। स्पर्धा का आयोजन राजधानी के टाटीबंध स्थित भंसाली मेरिज पैलेस में 26 से 28 फरवरी 2016 तक सफलतापूर्वक किया गया। स्पर्धा में मध्यप्रदेश, आन्ध्रप्रदेश, महाराष्ट्र जेनको, महाराष्ट्र ट्रांसको, महाराष्ट्र डिस्कॉम, रिलायंस मुंबई, उत्तर प्रदेश, केरल, तेलंगाना जेनको, तेलंगाना ट्रांसको, तमिलनाडु, गुजरात, छत्तीसगढ़, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, दिल्ली ट्रांसको की टीमों ने अपनी हिस्सेदारी दी। स्पर्धा का उद्घाटन पॉवर होल्डिंग कंपनी के प्रबंध निदेशक श्री अनूप गर्ग ने करते हुये कहा कि शतरंज को पूरी दुनिया में एक बौद्धिक और मनोरंजन खेल के रूप में जाना जाता है। यह स्पर्धा विभिन्न राज्यों के विद्युत संस्थानों के खिलाड़ियों के मध्य आपसी रिश्तों में सुदृढ़ता लाने का सशक्त माध्यम सिद्ध होगा।

प्रतियोगिता के निष्पक्ष संचालन में आर्बिट्रेटर सर्वश्री शरद उके, रवि कुमार, शिवनारायण साहू की उल्लेखनीय भूमिका रही। समारोह का संचालन उपमहाप्रबंधक (जनसम्पर्क) श्री विजय मिश्रा ने किया। विजेता एवं उपविजेता खिलाड़ियों को छत्तीसगढ़ शतरंज संघ के अध्यक्ष श्री मुकेश सिंघानिया, केन्द्रीय क्रीड़ा एवं कला परिसर के महासचिव श्री एम.एस. चौहान, अखिल भारतीय विद्युत क्रीड़ा नियन्त्रण मण्डल के उपाध्यक्ष श्री अजय श्रीवास्तव, केन्द्रीय निरीक्षक (मुंबई) श्री विवेक मराठे ने पुरस्कृत किया साथ ही उन्हें बधाई एवं शुभकामनायें दी।



मेजबान छत्तीसगढ़ की टीम में शामिल श्री पी.के. गिरदोनिया ने प्रारंभ से ही चतुराईपूर्वक खेल का प्रदर्शन करते हुए महाराष्ट्र ट्रांसकों को पराजित किया। स्पर्धा में उम्दा खेल का प्रदर्शन करने वाले सर्वश्री राजीवन व्ही.पी.(केरला) को बोर्ड प्रथम, के.आर.लाड (गुजरात) को बोर्ड द्वितीय एम.ए.सिद्दकी (यूपी पॉवर) को बोर्ड तृतीय तथा के.व्ही. हालानी (गुजरात) को बोर्ड चतुर्थ का व्यक्तिगत पुरस्कार प्रदान किया गया। खेल सचिव श्री पी.के. खरे ने खेल प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। कार्यक्रम के अंत में आभार प्रदर्शन श्री अजय श्रीवास्तव ने एवं संचालन श्री योगेश नैय्यर ने किया।

## कोरबा पश्चिम में शरीर सौष्ठव एवं शक्तितोलन प्रतियोगिता का आयोजन



अन्तरक्षेत्रीय शरीर सौष्ठव एवं शक्तितोलन प्रतियोगिता का आयोजन कोरबा पश्चिम में संपन्न हुआ। स्पर्धा के पहले चरण में शक्तितोलन एवं द्वितीय चरण में शरीर सौष्ठव प्रतियोगिता रखी गई। पॉवर लिफ्टिंग में रायपुर क्षेत्र विजेता व कोरबा पश्चिम उपविजेता तथा बॉडी बिल्डिंग में कोरबा पश्चिम विजेता व रायपुर क्षेत्र उपविजेता रहा।



कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कार्यपालक निदेशक श्री ओ.सी. कपिला द्वारा विजेताओं को पुरस्कृत किया गया साथ ही उन्होंने नये खिलाड़ियों को प्रतियोगिता में भाग लेने के लिये प्रेरित किया। श्रेत्रीय क्रीड़ा एवं कला परिषद कोरबा पश्चिम के अध्यक्ष श्री एन.के.बिजोरा भी इस कार्यक्रम में उपस्थित थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता मुख्य अभियंता प्रोजेक्ट एस.एस.टिल्लू ने की। केन्द्रीय कार्यालय की टीम में शामिल राजेन्द्र दुरूगकर को शरीर सौष्ठव में स्वर्ण पदक, शक्तितोलन में एन.के.दीवान एवं सेमसन लाबान को स्वर्ण पदक तथा राजेन्द्र दुरूगकर को रजत एवं लखपति सिंदूर को कांस्य पदक प्राप्त हुआ। स्पर्धा में विजयी होकर लौटे खिलाड़ियों को कंपनी मुख्यालय में पॉवर होल्डिंग कंपनी के प्रबंध निदेशक श्री अनूप गर्ग ने बधाई देते हुये भविष्य में भी उत्कृष्ट खेल का प्रदर्शन करने के लिए शुभकामनायें दी।

## टेबल टेनिस टीम स्पर्धा में दुर्ग क्षेत्र विजेता एवं रायपुर सेन्ट्रल उपविजेता



पॉवर कम्पनी अन्तर्क्षेत्रीय टेबिल टेनिस स्पर्धा का दो दिवसीय आयोजन 04 एवं 05 फरवरी को दुर्ग में संपन्न हुआ। इसमें दुर्ग क्षेत्र को विजेता एवं रायपुर सेंट्रल की टीम को उपविजेता होने का गौरव प्राप्त हुआ। कार्यपालक निदेशक श्री कैलाश नारनवरे ने विजयी प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया। उन्होंने कहा कि खेल हमारे जीवन में उत्साह का संचार करते हैं। कार्य के साथ ही खेल मैदान पर विद्युतकर्मियों का बेहतर प्रदर्शन अत्यंत सराहनीय है। महिला एकल स्पर्धा में रायपुर क्षेत्र की दिव्या आमदे विजेता एवं रायपुर सेंट्रल की श्रद्धा वर्मा उपविजेता रहीं। इसी तरह पुरुष एकल वर्ग में दुर्ग क्षेत्र के रजनीश ओबेराय विजेता एवं दुर्ग क्षेत्र के ही आर. बी. सावले उपविजेता रहे। पुरुष डबल्स के विजेता रजनीश ओबेराय-आर. बी.सावले एवं उपविजेता दिलीप सरकार-समीर तिवारी की जोड़ी रही। महिला डबल्स की विजेता का खिताब इरा पंत एवं श्रद्धा वर्मा और उपविजेता का खिताब दिव्या आमदे एवं मधुलिका मित्रा की जोड़ी को मिला। मिक्स डबल्स में विमल मिश्रा एवं श्रद्धा वर्मा की जोड़ी उपविजेता और रजनीश ओबेराय एवं दिव्या आमदे विजयी रहें।

समारोह में अधीक्षण अभियंता सर्वश्री विकास गुप्ता, बी.के.कुमरे एवं कार्यपालन अभियंता सर्वश्री बी.के.बोरीकर, धर्मेन्द्र भारती, पी संजिव, सुभाष सिंग तथा भिलाई इस्पात संयंत्र के खेल विभाग के प्रमुख श्री एस.आर.जाखड़, वरिष्ठ उपप्रबंधक श्री एस.एल.यादव, उपप्रबंधक (क्रीड़ा) एवं चीफरेफरी श्री एच.के.ओबेराय सहित विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन श्री दीनानाथ वर्मा एवं श्री आर.के.शर्मा द्वारा किया गया। कार्यक्रम के अंत में अधीक्षण अभियंता श्री हर्ष कुमार मेश्राम ने धन्यवाद ज्ञापित किया।



## ।। हनुमंतप्पा।।

न रोशनी की फिक्र
न अंधेरे का होश
जमें रहे सरहद पर
दिल में लिये जोश।
35 फीट तलक बर्फ
जमती रही सर के ऊपर
सरजमीं की रक्षा में तुम
थामे रहे सांसों को अंदर।
बर्फीले तूफानों में तन
लेकर के फौलदी मन
छह दिवस तक जिद पर
अड़े रहे अटल हनुमंत।।

सियापति राम संग गये
दक्षिण से हनुमंत लंका
सियाचिन में भी आये
दक्षिण से ही हनुमंतप्पा।
मातृभक्ति से तुम्हारी
स्तब्ध है धरा गगन
पंचतत्व में विलीन तुमको
पांचों तंत्वों करते नमन।।

**संध्या श्रीवास्तव**
कार्या. वरिष्ठ लेखाधिकारी
छ रा वि वि कं दुर्ग

# मुख्य अभियंता श्री आर.बी. त्रिपाठी की विदाई एवं श्री नेताम का स्वागत



जगदलपुर क्षेत्र के मुख्य अभियंता श्री आर.बी. त्रिपाठी को दिनांक 8 जनवरी 2016 को उनके जगदलपुर से रायपुर स्थानान्तरण पर भावभीनी विदाई दी गई तथा पदोन्नति पर रायपुर से जगदलपुर क्षेत्र के मुख्य अभियंता के रूप में नवपदस्थ श्री जे.एस. नेताम का स्वागत किया गया। इस अवसर पर वक्ताओं ने श्री त्रिपाठी की कार्यशैली को प्रेरक निरूपित करते हुए नवपदस्थ मुख्य अभियंता श्री नेताम को भी भरपूर सहयोग हेतु आश्वस्त किया गया।

# डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ताप विद्युत गृह में गणतंत्र दिवस का आयोजन



डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ताप विद्युत गृह, कोरबा-पूर्व में गणतंत्र दिवस पर कार्यपालक निदेशक एम.एस.कवंर ने ध्वजारोहण किया। साथ ही परेड सलामी/निरीक्षण, सुख शान्ति के प्रतीक तिरंगा रंगों से सुसज्जित गुब्बारे उन्होंने छोडे। इस अवसर पर श्री पी.के. जैन सहित बड़ी संख्या में अधिकारी-कर्मचारीगण उपस्थित थे।

समारोह में उपस्थितजनों को संबोधित करते हुये श्री कंवर ने कहा कि हमारे संयंत्रों की कार्यनिष्पत्ति सराहनीय है। वित्तीय वर्ष 2015-16 में इकाई क्र.-एक ने 84.094% का पी.एल.एफ. एवं इकाई क्रमांक दो का पी.एल.एफ 94.725% अब तक अर्जित किया है। संयंत्र का औसत पी.एल.एफ. 89.409% रहा। हमारे दोनों इकाईयाँ वर्तमान में पूर्ण क्षमता से विद्युत उत्पादन कर रही है। हम शून्य दुर्घटना के साथ संयंत्र संचालन में है। छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत होल्डिंग कम्पनी मर्यादित रायपुर द्वारा उत्पादन कम्पनी के संयंत्रों में डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी को सर्वश्रेष्ठ विद्युत गृह घोषित किया गया है, जो विद्युत गृह के लिये सुनहरा पल है। डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ताप विद्युत गृह से मुख्यालय की अनुशंसा पर उत्कृष्ट कार्य करने वाले एक अधिकारी एवं 28 अधिकारियों/कर्मचारियों तथा 29 ठेका श्रमिकों को उनके उत्कृष्ट सेवा के लिए प्रशस्ति पत्र एवं प्रतीक चिन्ह से पुरस्कृत कर सम्मानित किया गया।

समारोह का सफल संचालन श्री पी.आर. खुण्टे कल्याण अधिकारी के द्वारा किया गया। कार्यक्रम का संयोजन एवं अभार प्रदर्शन श्री प्रेमजी पटेल, अधीक्षण अभियंता द्वारा किया गया।

# स्वस्थ जीवनशैली पर डॉ. सीताराम साहू की किताब का प्रकाशन

स्वस्थ जीवनशैली हर उम्र के लोगों को सेहतमंद और सानंद रखने की कुंजी है। इस तथ्य से भलीभांति परिचित मानव समुदाय का एक बहुत बड़ा वर्ग स्वस्थ जीवनशैली से परे भोग विलासिता में डूबा हुआ तरह तरह की व्याधियों से घिरते जा रहा है। ऐसे दौर में स्वास्थ्य रक्षा एवं रोग निवारण को लेकर छत्तीसगढ़ राज्य पॉवर कंपनी के कार्यपालन अभियंता डॉ. सीताराम साहू ने ''स्वस्थ जीवनशैली'' नामक किताब का लेखन किया है। इस किताब में स्वस्थ जीवनशैली, संतुलित दिनचर्या, जल-मिट्टी का रोग उपचार में महत्व, प्राकृतिक चिकित्सा, गैस, उच्च रक्तचाप, मधुमेह, पीलिया, कैंसर, दमा, गठिया, ह्रदय रोग, सायटिका आदि व्याधियों पर केन्द्रित ज्ञानपरक लेख का समावेश किया गया है। डॉ. साहू पॉवर जनरेशन कंपनी में कार्यपालन अभियंता के पद पर पदस्थ है। उनके स्वास्थ्य संबंधी व्याख्यान तथा स्वास्थ्य प्रबंधन कार्यक्रम अनेक राज्य-राष्ट्र स्तरीय संस्थाओं में प्राकृतिक चिकित्सा एवं योग सम्मेलन में आयोजित हो चुके हैं।

# सेवानिवृत्ति पर पारेषण कंपनी के कर्मियों की विदाई



छत्तीसगढ़ राज्य पॉवर ट्रांसमिशन कंपनी से सेवानिवृत्त हुये कर्मियों को भावभीनी विदाई दी गई। ट्रांसमिशन कंपनी के प्रबंध निदेशक श्री विजय सिंह ने सेवानिवृत्तजनों को प्रतीक चिन्ह और सेवा प्रमाण पत्र भेंट कर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

सेवानिवृत्त कर्मियों में नरेश कुमार साहू रायपुर, ए.के. कपूर भिलाई, राजेंद्र सिंह खेदामारा, हृदयराम परतेती जगदलपुर, नरेंद्र कुमार रायपुर, मदनराम राजवाड़े बिश्रामपुर, तेजराम डनसेना रायगढ़ और जी. चिन्नईया शामिल हैं। डीजीएम (एच.आर.) श्री एच.के. बघेल ने कहा कि सेवानिवृत्तजनों के अनुभव से हमें बहुत कुछ सीख मिलती है। उनकी सेवायें कंपनी के विकास हित में बहुमूल्य रही है। इस मौके पर कार्यपालक निदेशक के.एस.मनोठिया, संजय पटेल, चीफ इंजीनियर डब्ल्यूआर वानखेड़े, आर. सी. चौबे तथा वित्त विभाग के जी.एम. वाई.बी.जैन डीजीएम (एच.आर.) श्री एच.के. बघेल समेत सभी कर्मचारी अधिकारी मौजूद थे। कार्यक्रम का संचालन योगेश नैय्यर ने किया।

# बिलासपुर के कार्यपालक निदेशक श्री अग्रवाल सहित अन्य सेवानिवृत्तजनों की भावभीनी विदाई



बिलासपुर क्षेत्र से सेवानिवृत्त हुए अधिकारियों/कर्मचारियों को 29 फरवरी 2016 को भावभीनी विदाई दी गई। सेवानिवृत्तजनों में शामिल सर्वश्री श्री नर्मदा, प्रफुल्ल आचार्य, कृष्णा राठौर, खिलावन साहू, टहलू राम, विनोद कुमार दास एवं श्रीमती शैल कुंवर को कार्यपालक निदेशक, श्री पी.के. अग्रवाल, ने प्रशस्ति पत्र, प्रतीकात्मक भेंट प्रदान किया।

इसी समारोह में अति.मुख्य अभियंता श्री टी.के. मेश्राम, ने सेवानिवृत्त हो रहे कार्यपालक निदेशक श्री पी.के.अग्रवाल का अभिनंदन करते हुए उनकी सेवायात्रा को विद्युत विकास के लिये बहुमूल्य निरूपित कर स्वस्थ जीवन की कामना की। श्री अग्रवाल ने अपने कार्यकाल में क्षेत्र के विद्युत व्यवस्था में सुधार लाने के लिए किये गए कार्यों एवं प्रयासों को आगे भी निरन्तर करने का आह्वान किया। विदाई समारोह में अति. मुख्य अभियंता श्री शरद श्रीवास्तव सहित वरिष्ठ अधिकारी-कर्मचारीगण बड़ी संख्या में उपस्थित थे। समारोह का संचालन श्री आर.पी.गुरूदीवान कल्याण अधिकारी एवं मुकेश माथुर प्रकाशन सहायक द्वारा किया गया।


# केन्द्रीय प्रशिक्षण संस्थान में विदाई



छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत वितरण कंपनी के गुढ़ियारी स्थित केन्द्रीय प्रशिक्षण संस्थान के कार्यालय में श्री बजरंग लाल गुप्ता, कार्यालय सहायक श्रेणी-एक को दिनांक 30 जनवरी 2016 को भावभीनी विदाई दी गई। इस अवसर पर मुख्य अभियंता श्री आर. बी.त्रिपाठी ने गुप्ताजी की कर्तव्यनिष्ठा व व्यवहारकुशलता की प्रशंसा करते हुये उन्हें शॉल, श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया। कार्यक्रम का संचालन कनिष्ठ यंत्री श्री ए.एन. भट्टाचार्जी द्वारा किया गया।

**चाहत**

हर पतंग जानती है, अंत में कचरे में जाना है,  
लेकिन उसके पहले  
हमें आसमान छूकर दिखाना है।



# पॉवर कंपनी बिलासपुर क्षेत्र के 08 अधिकारियों / कर्मचारियों की भावभीनी विदाई

छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत वितरण कंपनी मर्यादित बिलासपुर क्षेत्र से सेवानिवृत्त हुए अधिकारियों / कर्मचारियों को 30 जनवरी 2016 को भावभीनी विदाई दी गई। कार्यपालक निदेशक श्री पी.के.अग्रवाल ने सेवानिवृत्त हुए अधिकारियों / कर्मचारियों की सेवायात्रा को विद्युत विकास के लिये बहुमूल्य निरूपित किया। इस अवसर पर सेवानिवृत्तजनों को पॉवर कंपनी की तरफ से देय प्रतिकात्मक भेंट तथा विभिन्न प्रकार के भुगतानों के धनादेश प्रदान किये गये। विदाई समारोह में पॉवर कंपनी से सेवानिवृत्त हुए श्री डी.पी.मिश्रा, प्रशासनिक अधिकारी, श्री सी.के. खाण्डे, लेखाधिकारी, श्री पी.पी. वैश्य, सहायक अभियंता, परस राम चौबे, वाहन चालक (कार्यभारित), श्री सिमोन एक्का, लाइन सहायक श्रेणी-एक, श्रीमती अनुराधा तिवारी, कार्यालय सहायक श्रेणी-एक, श्री देवेन्द्र साहू लाईन सहा, श्रेणी-1, श्री कृष्णा राम सूर्यवंशी परि, लाईन श्रेणी-1, ने अपनी सेवायात्रा के दौरान अधिकारियों / कर्मचारियों से मिले सहयोग के प्रति आभार व्यक्त किया। विदाई समारोह में अति. मुख्य अभियंता श्री टी.के. मेश्राम, अधीक्षण यंत्री, श्री व्ही.आर. मौर्या, श्री पी.एल. सिदार, श्री जी.पी. सोनवानी, कार्यपालन यंत्री, श्री सी.बी.एस. राठौर, श्री सुरेष जांगडे, श्री एच.के. मंगेशकर एवं कार्यालय के समस्त कर्मचारी उपस्थित थे। मंच संचालन श्री आर.पी. गुरूदीवान, कल्याण अधिकारी एवं सहयोग मुकेश माथुर प्रकाशन सहायक द्वारा किया गया।

# प्रशिक्षण संस्थान का निरीक्षण



केन्द्रीय प्रशिक्षण संस्थान का निरीक्षण 19 फरवरी 2016 को प्रबंध निदेशक सर्वश्री अंकित आनंद, विजय सिंह, ए.के.गर्ग द्वारा किया गया। इस अवसर पर सभी विभागों के अध्यक्ष एवं अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे। महिला प्रशिक्षु कनिष्ठ अभियंता सहित लाइन प्रशिक्षणार्थियों को श्री आनंद ने बेहतर कार्य प्रदर्शन एवं उपभोक्ता संतोष अर्जित करने का आव्हान किया। कार्यक्रम में कार्यपालक निदेशकगण सर्वश्री एच.आर. नरवरे, शारदा सिंह, जी.सी. मुखर्जी, भीमसिंह, अशोक कुमार सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन कनिष्ठ अभियंता श्री ए.एन. भट्टाचार्य द्वारा किया गया।

# अंतरक्षेत्रीय विद्युत कम्पनीज लॉन टेनिस स्पर्धा में रायपुर क्षेत्र विजेता- कोरबा पश्चिम उपविजेता



छत्तीसगढ़ राज्य पॉवर कपनी अंतरक्षेत्रीय लॉन टेनिस स्पर्धा के फाइनल मुकाबले में रायपुर क्षेत्र को विजेता एवं कोरबा पश्चिम को उपविजेता होने का गौरव प्राप्त हुआ। 03 फरवरी 16 को समापन समारोह के मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ स्टेट लॉन टेनिस एसोसिएशन एवं यूनियन क्लब रायपुर के सचिव श्री गुरूचरण सिंह होरा, कार्यपालक निदेशक (रायपुर क्षेत्र) श्री एम.एल. मिश्रा, कार्यपालक निदेशक (वित्त) श्री एम.एस. चौहान, आल इंडिया इलेक्ट्रिसिटी स्पोर्टस कंट्रोल बोर्ड के उपाध्यक्ष मुख्य अभियंता श्री अजय श्रीवास्तव एवं अन्य विशिष्टजनों ने विजयी खिलाड़ियों को बधाई देते हुये पुरस्कृत किया। इस अवसर पर श्री होरा ने कहा कि विद्युत क्षेत्र के साथ ही खेल जगत में पॉवर कम्पनी की सक्रियता सराहनीय है। स्पर्धा के आरंभ में क्षेत्रीय क्रीड़ा परिषद के खेल सचिव अधीक्षण अभियंता श्री पी.के. खरे ने प्रतिवेदन प्रस्तुत किया।

स्पर्धा के टीम इंवेंट्स चैम्पियन बने रायपुर क्षेत्र में सर्वश्री आर.के. बंछोर, अनुराग शर्मा, व्ही.के. विश्वकर्मा, सतीश शर्मा तथा उपविजेता टीम में कोरबा पश्चिम के खिलाड़ी सर्वश्री बी.के. साव, आर.के. शास्त्री, एम.के. प्रधान, अनिल शर्मा, एच. विश्वकर्मा ने रोचक खेल का प्रदर्शन किया। निर्णायकों की महती भूमिका का निवर्हन श्री एम.ए. रिजवी एवं श्री चड्ढा ने किया। स्पर्धा में ओपन सिंगल्स के विजेता श्री आर.के. बंछोर, उपविजेता श्री बी.के. साव तथा ओपल डबल्स में विजेता श्री आर.के. बंछोर, श्री व्ही.के. विश्वकर्मा एवं उपविजेता श्री बी.के. साव एवं श्री आर.के. शास्त्री रहे। दो दिवसीय राज्यस्तरीय लॉन टेनिस के समापन समारोह में अतिथियों का स्वागत अधीक्षण अभियंता सर्वश्री आर.ए. पाठक, ए.पी. सिंह ने किया तथा संचालन उप-महाप्रबंध (जनसम्पर्क) श्री विजय मिश्रा ने किया।



# गणतंत्र दिवस पर अवार्ड कमेटी कोरबा पूर्व द्वारा कर्मियों का सम्मान

कोरबा पूर्व ताप विद्युत गृह के कर्मियों को गणतंत्र दिवस पर विशिष्ट सेवा हेतु पदक, शील्ड व प्रशस्ति पत्र से अवार्ड कमेटी के पदेन अध्यक्ष श्री आर.एस. ठाकुर प्रभारी मुख्य अभियंता (उत्पादन) एवं मुख्य अभियंता प्रशिक्षण श्री एस.के. बंजारा के द्वारा सम्मानित किया गया। मुख्य अभियंता श्री ठाकुर ने उत्कृष्ट सेवा के लिए सम्मानित कर्मियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि विद्युत कंपनी को गौरवान्वित करने के लिए किया गया कार्य सराहनीय एवं प्रशसन्नीय है।

पुरस्कृत कर्मियों में सर्वश्री आर.के. कौशिक, हीरा स्वामी, कार्तिक राम, कु. सुरभि शर्मा, हीरासाय राठौर, मो. इलियास अंसारी, जे.पी. साहू, श्रीमती शिवकुमारी मिरेन्द्र, लक्ष्मीनारायण वाद्य, सुरेश कुमार साहू, जे.एल.वर्मा. पालेश्वर सिंह, श्रीमती पूर्णिमा श्रीवास्तव, श्रीमती शांति देवीपुरी, रामेश्वर वरकड़े, टीमाराम वर्मा, चैतराम निर्मलकर, यू.एम.नवरे, टी.के. शर्मा, जे.एस. मंडावी, आर.पी. पासवान, हर्षवर्धन गुप्ता, श्रीमती पहुंना देवी कर्ष, एस.व्ही. रमन, नरीज टोप्पो, आर.पी. खरे, उदय कुमार राठौर, राजूदास एवं ठेका श्रमिक कमलाकर राव को पदक एवं प्रमाण पत्र से सम्मानित किया गया। साथ ही संयंत्र के सेवाएं वृत्त-सी.एच.पी. के तीप समूह, संचालन-तीन के तीन समूह, डीएमप्लांट संचालन-दो एवं डब्ल्यूटीप्लांट-संचालन-तीन तथा एम.एम.-तीन के (बीएमडी एवं (टीएमडी) संभाग को ग्रुप एवार्ड से सम्मानित किया गया। सम्मान समारोह का संचालन अवार्ड कमेटी के संयोजक एस.पी. बारले, वरिष्ठ कल्याण अधिकारी ने किया।

## क्षेत्रीय मुख्यालय दुर्ग में गणतंत्र दिवस समारोह



क्षेत्रीय कार्यालय दुर्ग में आयोजित गणतंत्र दिवस समारोह में कार्यपालक निदेशक श्री कैलाश नारनवरे ने ध्वजारोहण कर सलामी दी। उन्होंने इस अवसर पर देश के महान बलिदानी सपूतों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं प्रेषित की।

इस अवसर पर उत्कृष्ट कार्य करने वाले छह कर्मचारियों सर्वश्री एस.के. शर्मा, मनीष अग्रवाल, कु. बिथी साहू, ऋषि कपूर, अश्विनी कुमार मिश्रा एवं सुखराम वर्मा को स्मृति चिन्ह, प्रशस्ति पत्र एवं रजत मेडल प्रदान कर सम्मानित किया गया।

समारोह में अतिरिक्त मुख्य अभियंता श्री एम.जामुलकर, अधीक्षण अभियंता सर्वश्री बी. के. कुमरे वी.के. गुप्ता एवं श्री एच.के. मेश्राम सहित समस्त अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित हुए। कार्यक्रम का संचालन श्री आर.के. शर्मा द्वारा किया गया।

## कोरबा पूर्व में गणतंत्र दिवस समारोह




कोरबा पूर्व ताप विद्युत गृह में आयोजित गणतंत्र दिवस समारोह के मुख्यअतिथि अभियंता मुख्य श्री एम.एस. कंवर ने ध्वजारोहण कर सुरक्षा सैनिकों के परेड की सलामी ली। इस अवसर पर मुख्य अभियंता सर्वश्री आर एस ठाकुर, एस.के.बंजारा वरि.मुख्य रसायनज्ञ डॉ.जी.पी. दुबे सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे। समारोह में विद्युत गृह विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने राष्ट्रीय एवं देशभक्ति गीत प्रस्तुत किया। समारोह के अतिथिजन तथा प्रेरणा महिला मंडल के सदस्याओं ने इस अवसर पर शांति के प्रतीक गुब्बारे आकाश में छोड़े। मुख्य अभियंता श्री ठाकुर ने कर्मियों एवं उनके परिजनों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि ऊर्जा उद्योग में कोरबा ताप विद्युत गृह का नाम अग्रणी है। छत्तीसगढ़ राज्य के सबसे पुराना एवं प्रतिष्ठित कोरबा ताप विद्युत गृह ने अनेक कीर्तिमान गढ़े है जो अविस्मरणीय रहेगा। कोरबा पूर्व के निष्ठावान कर्मियों के कठिन परिश्रम से लगातार विद्युत उत्पादन कर प्रदेश को ऊर्जा राज्य बनाने में अपना योगदान दे रहे है। उन्होंने उत्कृष्ट सेवा हेतु सम्मानित कर्मियों को शुभकामनाएं दी। गणतंत्र दिवस के अवसर पर विशिष्ठ सेवा हेतु एवार्ड कमेटी कोरबा पूर्व द्वारा अनुशंसित 29 कर्मियों को पदक एवं प्रशस्ति पत्र एवं 10 विभागों के 52 कर्मियों को ग्रुप एवार्ड से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संयोजन अधीक्षण अभियंता श्री बी.बी.पी. मोदी तथा कार्यक्रम का संचालन एवं आभार प्रदर्शन श्री एस.पी.बारले वरिष्ठ कल्याण अधिकारी ने किया।

## कोरबा पूर्व में कर्मचारी विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम सम्पन्न




कोरबा पूर्व ताप विद्युत गृह में दो दिवसीय कर्मचारी विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। केन्द्रीय श्रमिक शिक्षा मंडल, रायपुर के विषय विशेषज्ञ श्री कोमल सिंह ठाकुर, मुख्य अभियंता प्रशिक्षण श्री एस.के. बंजारा, अधीक्षण अभियंता श्री बी.बी.पी. मोदी एवं एच.के. गुप्ता अधीक्षण अभियंता तथा श्री आर.एल. ध्रुव मुख्य संरक्षाधिकारी की उपस्थिति में किया गया। शिक्षा अधिकारी श्री ठाकुर ने कारखाना में औद्योगिक संरक्षा, गुणनात्मक कार्य एवं तनाव मुक्त औद्योगिक जीवन के लिये उपयोगी विषयों पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर कोरबा पूर्व के मुख्य अभियंता श्री एस.के. बंजारा ने एवं मुख्य संरक्षा अधिकारी श्री आर.एल. ध्रुव ने मानव संसाधन की कार्य क्षमता में अभिवृद्धि तथा शून्य दुर्घटना लक्ष्य प्राप्ति के लिये कार्यक्रम को सार्थक बताया। प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन सत्र वरिष्ठ कार्मिक श्री अशोक कुमार दास संयंत्र पर्यवेक्षक एवं श्री अरूण मसीह संयंत्र सहायक के आतिथ्य में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम के अंत में प्रतिभागियों द्वारा श्री ठाकुर को स्मृति चिन्ह भेंट किया। प्रशिक्षण कार्यक्रम का संचालन एस.पी. बारले, वरि. कल्याण अधिकारी एवं आभार प्रदर्शन हेमलता कान्त ने किया।

### एच.टी.पी.पी. में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन

श्रम कल्याण केन्द्र हसदेव ताप विद्युत गृह कोरबा पश्चिम में सांस्कृतिक एवं खेलकूद स्पर्धा का आयोजन किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि प्रभारी मुख्य अभियंता एन.के. बिजोरा ने कार्यक्रम का शुभारंभ किया। उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा कि 'कालोनी की महिलाओं, बच्चों एवं कर्मचारियों के लिए विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन करना श्रम कल्याण केन्द्र का सराहनीय प्रयास है।' सांस्कतिक कार्यक्रम का संचालन श्री रविन्द्र साहू द्वारा तथा मंचीय कार्यक्रम का संचालन समिति के सचिव व कल्याण अधिकारी श्री आर.एस. रात्रे द्वारा किया गया।

# कैरम में कोरबा पूर्व एवं शतरंज में रायपुर क्षेत्र ने जीता टीम चैम्पियनशिप का खिताब




अन्तरक्षेत्रीय कैरम एवं शतरंज प्रतियोगिता का आयोजन कोरबा पूर्व में श्री एस.एस. कंवर कार्यपालक निदेशक डीएसपीएम के मुख्य आतिथ्य में किया गया। इस अवसर पर मुख्य अभियंता सर्वश्री एस.के.बंजारा, आर.एस. ठाकुर एवं डॉ.जी.पी. दुबे वरि. मुख्य रसायनज्ञ श्री बी.एन. विश्वास अति.मुख्य अभियंता, श्री बी.बी.पी. मोदी अध्यक्ष क्षेत्रीय क्रीडा परिषद एवं रायपुर से आमंत्रित सेन्ट्रल आब्जर्वर श्री अरूण देवांगन उपस्थित थे।

वरिष्ठ खिलाड़ी एवं नेशनल कैरम रेफरी श्री आलोक गुहा ने खिलाड़ियों को शपथ दिलाया। कैरम में कोरबा पूर्व की टीम ने बिलासपुर क्षेत्र को पराजित तथा स्विस लीग आधार पर खेले गये शतरंज प्रतियोगिता में रायपुर क्षेत्र ने रायपुर मुख्यालय की टीम को पराजित कर टीम चैम्पियनशिप पर कब्जा किया। कैरम में कोरबा पूर्व की टीम से आलोक गुहा की कप्तानी में विनोद राठौर, मकसूद खान, एच.आर.साहू, मंजीत सिंह, सुशांत कटकवार ने अच्छे खेल का प्रदर्शन कर अपनी टीम को जीत दिलाई।

कैरम एकल में कोरबा पूर्व के विनोद राठौर, डबल्स में कोरबा पूर्व के विनोद राठौर एवं एच.आर. साहू तथा महिला कैरम एकल में बिलासपुर क्षेत्र की एस. नमिता तथा डबल्स में बिलासपुर की श्रीमती एस. नमिता एवं श्रीमती संध्या गोस्वामी ने खिताब जीता। शतरंज प्रतियोगिता में रायपुर क्षेत्र की टीम में शामिल एन.के.शर्मा, एन.के.तिवारी, डी.के.राव एवं कान्हा कौशिक ने अच्छे खेल का प्रदर्शन किया। शतरंज एकल में रायपुर क्षेत्र के एन.के. तिवारी, महिला शतरंज में रायपुर मुख्यालय की भारती फेरो ने खिताब जीता।

शतरंज के वरिष्ठ खिलाड़ी रायपुर क्षेत्र के श्री एन.के. शर्मा को लाइफटाइम एचीव्हमेंट सम्मान से नवाजा गया। कैरम प्रतियोगिता का संचालन मुख्य रेफरी श्री मनोज साहू एवं राजेद्र पागे तथा शतरंज प्रतियोगिता का संचालन श्री प्रभाकर राव, श्री अजय कुमार एवं श्री आर.के. अग्रवाल ने किया। प्रतियोगिता का संचालन श्री एस.पी. बारले वरि.कल्याण अधिकारी द्वारा किया गया।

## राजनांदगांव में अंतरक्षेत्रीय क्रिकेट प्रतियोगिता



राजनांदगांव क्षेत्र में 11 से 15 जनवरी 2016 तक अंतरक्षेत्रीय क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में विद्युत कंपनी के 10 टीमों ने हिस्सा लिया। इस प्रतियोगिता के अंतिम मुकाबले में रायपुर क्षेत्र ने कोरबा पश्चिम को 57 रनों से हरा कर ट्राफी पर कब्जा किया। प्रतियोगिता में मैन ऑफ द सीरीज का अवार्ड रायपुर क्षेत्र के श्री ओंकार वर्मा को तथा सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज गौरव डोंगरे एवं सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज आलोक पाण्डे के नाम रहा।

दिग्विजय स्टेडियम में विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कृत करते हुए मुख्य अभियंता श्री प्रहलाद सिंह ने खिलाड़ियों को उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए बधाई-शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि खिलाड़ी सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए छत्तीसगढ़ विद्युत कंपनी का नाम पूरे देश में रोशन करें। इस अवसर पर अधीक्षण अभियंता श्री आर.एन. याहके, राजनांदगांव क्षेत्र के समस्त कार्यपालन अभियंता सहित बड़ी संख्या में अधिकारी/कर्मचारी व दर्शक उपस्थित रहे। इस मैच के निर्णायक श्री फरमान अली एवं श्री मनोज तिवारी थे। स्पर्धा के सेन्ट्रल आब्जर्वर श्री जी.एस. वालिया थे। आभार प्रदर्शन क्षेत्रीय सचिव श्री अशोक उमरे, कार्यपालन अभियंता द्वारा किया गया। कार्यक्रम का संचालन प्रशांत तिवारी द्वारा किया गया।

## मड़वा परियोजना में गणतंत्र दिवस



मड़वा तेंदूभाठा ताप विद्युत परियोजना में गणतंत्र दिवस पर कार्यपालक निदेशक श्री ए.के. सिंह ने ध्वजारोहण किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि चुनौतियों का मुकाबला करते हुए अपनी भूमिका का उचित निर्वहन कर राष्ट्र निर्माण में सभी योगदान दें।

आगे उन्होंने कहा कि सीएसआर कार्यों का उल्लेख करते हुए श्री सिंह ने बताया कि ग्राम मड़वा, तेंदूभाठा, लच्छनपुर, सरखों में एक करोड़ 30 लाख रूपए की राषि से सामुदायिक भवन बनाया जा रहा है। पुनर्वास योजना के तहत भूविस्थापितों के लिए नौकरी/स्वरोजगार की दिशा में लगातार कार्य किए जा रहे हैं। समारोह में 17 अधिकारियों-कर्मचारियों को उत्कृष्ट कार्यों के लिए पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर कार्यालय सहायक श्रेणी-3 महेंद्र कुमार राठौर ने अपनी कविता... "जिन्होंने हंस कर दे दी जान" सुनाई। कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ कल्याण अधिकारी श्री एसके शर्मा ने किया। इस मौके पर अतिरिक्त मुख्य अभियंता (उत्पादन) श्री पीपी मोड़क, अतिरिक्त मुख्य अभियंता (परियोजना) श्री एसपी चेलकर समेत परियोजना के अधिकारी और कर्मचारी बड़ी संख्या में मौजूद थे।



# अंबिकापुर में गणतंत्र दिवस पर ध्वजारोहण



अम्बिकापुर में आयोजित गणतंत्र दिवस समारोह में मुख्य अभियंता श्री एस.के. ठाकुर ने ध्वजारोहरण कर सलामी ली। उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा कि देश एवं प्रदेश के विकास में महत्ती जिम्मेदारी एवं कर्तव्य का निर्वाहन पूरी निष्ठा के साथ करने का आव्हान किया। उन्होंने कहा कि संविधान निर्माताओं ने हमें बहुमुल्य मौलिक अधिकार प्रदान किए हैं जिसके आधार पर हम सभी प्रदेश के उत्तरोत्तर विकास में सहभागी बने समारोह में अति. मुख्य अभियंता श्री आर.के. मिंज एवं अधीक्षण अभियंता श्री आवेदन कुजूर ने भी संबोधित करते हुए बिजली कम्पनी के हित में अपना सर्वोच्च योगदान देने हेतु प्रेरित किए। समारोह में सर्वश्री रामबिलास, हनीफ खान, एल. बरनाबस, नन्दलाल गुप्ता, पुरुषोत्तम दास गुप्ता श्री बाबूलाल चेरवा, को उत्कृष्ट सेवा के लिए प्रशस्ति पत्र तथा मेडल प्रदान कर सम्मानित किया। तत्पश्चात् कम्पनी द्वारा आयोजित गणतंत्र दिवस के खेल सप्ताह में भाग लेकर अपने बेहतर खेल का प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को भी पुरस्कृत किया गया। गणतंत्र दिवस समारोह का संचालन एम.एच. अंसारी द्वारा किया गया।

# श्री चौरे का पद अलंकरण



डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी ताप विद्युत गृह कोरबा पूर्व के सुरक्षा विभाग में पदस्थ श्री आर.के. चौरे की पदोन्नति सुरक्षा अधिकारी के पद पर की गई है। नवपदस्थ सुरक्षा अधिकारी श्री चौरे को पदोन्नति उपरांत कार्यपालक निदेशक (उत्पा.), श्री एम.एस. कवंर, मुख्य अभियंता (उत्पा.), श्री एम.के. चौधरी, मुख्य अभियंता (उत्पा.), श्री एस.के. बंजारा, अति. मुख्य अभियंता, श्री बी.एन. बिश्वास, अति. मुख्य अभियंता ठाकुर ने पदालंकरण अनावरण कर शुभकानाएं दी। इस अवसर पर श्री जी.पी.दुबे, वरिष्ठ मुख्य रसायनज्ञ श्री बी.बी.पी. मोदी, अधीक्षण अभियंता (मा.संसा.), श्री टी. डी. मोहरे, वरिष्ठ सुरक्षा अधिकारी, श्री एस.पी. बारले, वरिष्ठ कल्याण अधिकारी एवं श्री आर.एल. ध्रुव, मुख्य संरक्षा अधिकारी एवं संयंत्र के अधिकारियों/कर्मचारियों ने उपस्थित होकर उन्हें बधाई दी।

# बिलासपुर में गणतंत्र दिवस का आयोजन



बिलासपुर के तिफरा प्रांगण में गणतंत्र दिवस पर कार्यपालक निदेशक, बिलासपुर क्षेत्र श्री पी.के. अग्रवाल द्वारा ध्वजारोहण किया गया। उन्होने अपने उद्बोधन में कहा कि 26 जनवरी 1950 को संविधान लागू करके राष्ट्र को पूर्ण स्वायत्त गणतंत्र का स्थान दिया गया था एवं भारत को सर्वोच्च संप्रभुता संपन्न गणराज्य घोषित किया गया था। यह देशवासियों के सपने को साकार करने की पहली उपलब्धि थी।

शासन द्वारा गरीब एवं मध्यम परिवारों को विद्युत कनेक्शन प्रदान करने हेतु बहुत ही कम लागत में 250 रुपए योजना के तहत बिलासपुर क्षेत्र में 33355 आवेदन प्राप्त हुए है तथा 31128 को विद्युत कनेक्शन प्रदान कर दिया गया है इस योजना में बिलासपुर क्षेत्र पूरे प्रदेश में अग्रणी है। आगे श्री अग्रवाल ने कहा कि विद्युत विकास के साथ ही खेल जगत में बिलासपुर का नाम रोशन हुआ है। इसका श्रेय अधिकारियों-कर्मचारियों को देते हुए उन्होंने बधाई दी। कार्यक्रम में अतिरिक्त मुख्य अभियंताद्वय श्री टी.के. मेश्राम, श्री शरद श्रीवास्तव, अधीक्षण अभियंता श्री ए.के. श्रीवास्तव, श्री जी.पी. सोनवानी, श्री व्ही.आर. मौर्या, श्री पी.एल. सिदार, कार्यपालन अभियंता श्री सी.बी.एस. राठौर एवं अन्य अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित थे। कार्यक्रम का संयोजन कल्याण अधिकारी, श्री आर.पी. गुरुदिवान एवं मुकेश माथुर, प्रकाशन सहायक द्वारा किया गया।



यूनान, मिश्र, रोम सब, मिट गए जहां से।
अब तक मगर है बाकी, नाम-ओ-निशां हमारा।।
कुछ बात है कि हस्ती, मिटती नहीं हमारी।
सदियों रहा है दुश्मन, दौर-ए-जहां हमारा।।



**मोहम्मद इकबाल**

# आदर्शिनी महिला मंडल द्वारा आयोजित आनंद मेला संपन्न



आदर्शिनी महिला मंडल द्वारा डंगनिया मैदान में गणतंत्र दिवस की संध्या पर आनंद मेला का आयोजन किया गया। आनंद मेला का उद्घाटन मुख्य अतिथि-महिला मंडल की संरक्षिका श्रीमती रेखा शिवराज सिंह एवं श्रीमती प्रीति सुबोध सिंह ने किया। इस अवसर पर श्रीमती सिंह ने कहा कि आदर्शिनी महिला मंडल द्वारा सामाजिक एवं कल्याणकारी दायित्वों का कुशलतापूर्वक निवर्हन किया जा रहा है। सामाजिक एवं नैतिक दायित्वों में आदर्शिनी महिला क्लब के सदस्यों की उल्लेखनीय भागीदारी हर्ष की बात है।

मेला के उद्घाटन समारोह में अतिथियों सहित पॉवर कंपनी के प्रबंध निदेशकगण सर्वश्री एस.बी. अग्रवाल, विजय सिंह, अनूप गर्ग तथा श्रीमती प्रीति सुबोध सिंह का स्वागत महिला मंडल की पदाधिकारियों ने किया। इस अवसर पर श्रीमती भालेराव एवं श्रीमती पात्रीकर ने अतिथियों के सम्मान में मनमोहक गीत की प्रस्तुति दी। क्लब की गतिविधियों की जानकारी श्रीमती किरण सिंह ने दी।

महिला मंडल की अध्यक्षा श्रीमती किरण सिंह, सचिव श्रीमती दीपा चौधरी, उपसचिव श्रीमती वीना नंदा एवं कोषाध्यक्ष श्रीमती कुमकुम जैन के मार्गदर्शन तथा कार्यकारिणी समिति के अन्य सदस्यों के सहयोग से मेले का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संचालन श्रीमती जैन एवं आभार प्रदर्शन श्रीमती चौधरी द्वारा किया गया।

# प्रेरणा महिला मंडल कोरबा पूर्व द्वारा आनंद मेला आयोजित



कोरबा पूर्व की प्रेरणा महिला मंडल द्वारा सीनियर क्लब प्रांगण में आयोजित आनंद मेला 2016 एवं सांस्कृतिक संध्या का सोल्लास आयोजन श्रीमती दयानंद एवं श्रीमती भेस्कर के आतिथ्य में संपन्न हुआ। इस आयोजन की सराहना करते हुये अतिथियों ने इसे महिला मण्डल की सक्रियता का परिचायक बताया।

इस अवसर पर कार्यपालक निदेशक श्री एम.एस. कंवर डीएसपीएम, श्री एस.के. बंजारा मुख्य अभियंता प्रशिक्षण, बी.एन. विश्वास एवं श्री आर.के. वर्मा अति.मुख्य अभियंता, डॉ.जी.पी.दुबे वरि.मुख्य रसायनज्ञ तथा प्रेरणा महिला मंडल की अध्यक्षा श्रीमती शकुन्तला कंवर एवं श्रीमती निवेदिता बंजारा सहित बड़ी संख्या में अधिकारी-कर्मचारी एवं उसके परिवारजन उपस्थित थे।

गणतंत्र दिवस सप्ताह में आयोजित विभिन्न खेल-कूद प्रतियोगिता के विजेता एवं उपविजेताओं को आनंद मेला में पुरस्कृत किया गया। मेला स्थल पर आयोजित सांस्कृतिक संध्या में ऑर्केस्ट्रा ऑन करोके के कलाकारों द्वारा प्रस्तुत सुमधुर देश भक्तिगीत प्रस्तुत किया गया। जिसका संचालन श्री बी.बी.पी. मोदी ने किया। कार्यक्रम के अंत में आभार प्रदर्शन श्री पी.आर. खुंटे एवं कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ कल्याण अधिकारी श्री एस.पी. बारले तथा सीनियर क्लब के सचिव श्री सुनील सरना ने किया।



# क्षेत्रीय मुख्यालय दुर्ग में शहीदों को श्रद्धांजलि

छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत वितरण कंपनी दुर्ग के क्षेत्रीय कार्यालय में 30 जनवरी को शहीद दिवस के अवसर पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि के अवसर पर मनाये जाने वाले शहीद दिवस सभा में राष्ट्रपिता सहित भारत के स्वतंत्रता संग्राम में उल्लेखनीय योगदान देने वाले विभूतियों के त्याग और बलिदान के प्रति आस्था व्यक्त करते हुए विद्युतकर्मियों ने दो मिनट का मौन रखकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।

इस अवसर पर नशामुक्ति के पक्ष में कर्मचारियों एवं अधिकारियों से संकल्प एवं शपथ पत्र में हस्ताक्षर कराकर व्यसन मुक्ति हेतु सकारात्मक वातावरण निर्मित करने हेतु संकल्पित कराया गया। श्रद्धांजलि सभा में कार्यपालक निदेशक श्री कैलाश नारनवरे, अधीक्षण अभियंताद्वय श्री बी.के. कुमरे एवं एच.के. मेश्राम सहित समस्त अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

# कोरबा पश्चिम में आनंद मेला का आयोजन



कोरबा पश्चिम में संकल्प महिला मण्डल द्वारा 9 जनवरी 2016 को आनंद मेला का भव्य आयोजन किया गया जिसका उद्‌घाटन कोरबा के कलेक्टर श्री पी. दयानंद द्वारा किया गया। उन्होंने आनंद मेले की व्यवस्था एवं व्यंजनों की प्रशंसा की। इस अवसर पर उपस्थित विशिष्टजनों सहित कालोनी वासियों ने सपरिवार स्वादिष्ट व्यंजनाओं एवं विभिन्न रोचक गेम्स तथा गीत-संगीत का भरपूर आनंद उठाया।

महिला संगठन की अध्यक्षा श्रीमती पुष्पलता कपिला ने आनंद मेले की सफलता पर सदस्याओं को बधाई दी। उपाध्यक्षा श्रीमती आरती व्यास, श्रीमती कल्याणी विजौरा, श्रीमती शुभा गोवर्धन, श्रीमती हंसा सेलट ने सदस्याओं का उत्साहवर्धन किया।

आनंद मेले को सफल बनाने में मुख्य रूप से सचिव श्रीमती अपर्णा दीवान, कोषाध्यक्ष श्रीमती पद्‌मा राव, खेल सचिव श्रीमती अर्चना डोंगरे, श्रीमती अनिता आजाद, सांस्कृतिक सचिव श्रीमती निहारिका शर्मा, श्रीमती सीमा दुबे एवं सह-सचिव श्रीमती नीलम ओझा का विशेष योगदान रहा।

# मड़वा में आनंद मेला का आयोजन

मड़वा तेंदूभाठा के ताप विद्युत परियोजना के आवासीय परिसर में सक्रिय आकृति महिला मंडल ने गणतंत्र दिवस के अवसर पर आनंद मेला का आयोजन कर रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी। इस मौके पर बसंतपुर कॉलोनी के बच्चों ने अपनी पेंटिंग का प्रदर्शन भी किया, जिसे लोगों ने भरपूर सराहना मिली। इस अवसर पर कार्यपालक निदेशक श्री ए.के. सिंह मौजूद थे। श्रीमती रीमा दुबे, श्रीमती यशोदा वर्मा और श्रीमती शैला जार्ज द्वारा उपस्थित आगंतुकों एव आनंद मेला में स्टॉल लगाने व उनमें सहयोग करने वाली महिलाओं का सम्मान किया गया।




# पटेल "नवभारत श्रम रत्न" सम्मान से सम्मानित




हसदेव ताव विद्युत गृह कोरबा पश्चिम में कार्यरत संयंत्र पर्यवेक्षक श्रेणी-दो, जे.एल. पटेल को नवभारत श्रम रत्न सम्मान समारोह में 'श्रम रत्न' सम्मान से सम्मानित होने का गौरव प्राप्त हुआ है। यह सम्मान सांसद डॉ. बंशीलाल महतो, पॉवर उत्पादन कंपनी के कार्यपालक निदेशक श्री ओ.सी. कपिला, समूह महाप्रबंधक एनटीपीसी प्रकाश तिवारी, बालको प्रमुख बी.के. श्रीवास्तव, नवभारत यूनिट हेड सुजीत बोस, रूपेन्द्र तिवारी व प्रवीर बेनर्जी के कर कमलों द्वारा प्रदान किया गया। समारोह में श्रम संगठनों के प्रतिनिधि, अधिकारी एवं कर्मचारीगण विशेष रूप से उपस्थित थे। उन्होंने इन सम्मान को पाने का श्रेय समस्त अधिकारियों, कर्मियों सहित अपने धर्मपत्नी श्रीमती रामप्यारी पटेल को दिया है।

# बिलासपुर में संगीत कार्यक्रमों के साथ नये साल का स्वागत

बिलासपुर क्षेत्रीय मुख्यालय के श्रम कल्याण केन्द्र तिफरा भवन में स्वागतम 2016 का सोल्लास आयोजन किया गया। इसमें कंपनी के कलाकारों एवं स्थानीय ऑर्केस्ट्रा ग्रुप द्वारा गीत संगीत की मनमोहक प्रस्तुति की गई।

इस अवसर पर कार्यपालक निदेशक श्री पी.के. अग्रवाल एवं संस्कृति महिला मंण्डल की अध्यक्षा श्रीमती ऊषा अग्रवाल ने उपस्थितजनों के साथ शुभकामनाओं का आदान प्रदान किया। कार्यक्रम में कु. सिन्दुरा भार्गव, श्री मनोहर यादव एवं रूपेश मेश्राम, श्री व्ही. सुभाषचंद, श्रीमती सुजा थामस, कु. यज्ञश्री मौर्या एवं श्री सी.बी.एस. राठौर ने फिल्मी-छत्तीसगढ़ी गीतों की प्रस्तुति दी। इस अवसर पर सरप्राईज गिफ्ट की घोषणा की गई जिसमें महिला वर्ग में संगीता ध्रुव, प्रथम, सपन भारती, द्वितीय एवं मीनल पाण्डे ने तृतीय तथा पुरुष वर्ग में एन.के. बोरकर, प्रथम, शरद जैन, द्वितीय, एवं शेषनारायण यादव ने तृतीय स्थान पर रहते हुए मुख्य अतिथि से उपहार प्राप्त किया। आभार प्रदर्शन आर.पी. गुरूदिवान कल्याण अधिकारी ने किया।





# सीपीआरआई द्वारा राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन



केन्द्रीय विद्युत अनुसंधान संस्थान द्वारा "एल. टी./एच.टी.स्विचगियर एवं कन्ट्रालगियर-स्मार्ट तकनीकी" विषय पर आयोजित "SWITCH -2016" के तत्वाधान में तृतीय राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन दिनांक 29 एवं 30 जनवरी 2016 को भोपाल में किया गया। इसमें तकनीकी पत्र आमंत्रित किये गये थे। छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत वितरण कंपनी के एसटीएम नगर संभाग एक रायपुर में पदस्थ कार्यपालन अभियंता श्री बिम्बिसार, द्वारा "Retrofitting on Existing Swichgear for Vability of SCADA/SMARTGRID Application at Sub-Transmission Level" विषय पर तकनीकी पत्र प्रस्तुत किया गया।

उक्त पत्र के माध्यम से लेखक श्री बिम्बिसार ने मुख्य रूप से 33/11 के.व्ही. उपकेन्द्रों में स्थापित उपकरणों के आटोमेशन संबंधित संभावनाओं का उल्लेखित किया। जिसमें आवश्यक रेट्रोफिटिंग एवं क्रियान्वन को चरणबद्ध तरीके से SAP-LAP फ्रेमवर्क (S-Situation, A-Actor, P-Process, L-Learning, P-Performance) के माध्यम से विस्तृत रूप से वर्णित किया गया है। तकनीकी पत्र का प्रकाशन एवं संकलन केन्द्रीय विद्युत अनुसंधान संस्थान द्वारा आयोजित राष्ट्रीय सम्मेलन के माध्यम से पेपर क्रमांक 502 के रूप में राष्ट्रीय स्तर पर किया गया है।

# अंतर्क्षेत्रीय व्हालीवॉल स्पर्धा में कोरबा पूर्व विजेता-पश्चिम उपविजेता



छत्तीसगढ़ राज्य पॉवर कंपनी मुख्यालय के खेल मैदान में अन्तर्क्षेत्रीय वॉलीबाल स्पर्धा का शुभारंभ 18 फरवरी को पारेषण कंपनी के प्रबंध निदेशक श्री विजय सिंह ने किया। स्पर्धा में कोरबा ईस्ट को विजेता एवं कोरबा वेस्ट को उपविजेता होने का गौरव प्राप्त हुआ। स्पर्धा के पुरस्कार वितरण समारोह में प्रबंध निदेशक श्री अंकित आनंद ने विजयी खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया। उन्होंने विद्युत विकास के साथ ही खेल जगत में छत्तीसगढ़ का नाम रौशन करने के लिए खिलाड़ियों को बधाई दी। इस अवसर पर कार्यपालक निदेशक सर्वश्री जी.सी.मुखर्जी, एच.आर.नरवरे, अखिल भारतीय विद्युत क्रीड़ा नियंत्रण मण्डल के उपाध्यक्ष श्री अजय श्रीवास्तव, क्षेत्रीय क्रीड़ा परिषद के सचिव मुख्य अभियंता श्री डी.के.भालेराव, छ.ग.व्हालीबॉल स्पर्धा के सचिव श्री मोहम्मद अकरम खान ने खिलाड़ियों को शुभकामनायें दी। स्पर्धा में प्रदेशभर के 09 क्षेत्रीय मुख्यालय के खिलाड़ियों के मध्य श्री डी.डी.नायक को बेस्ट डिफेण्डर एवं एवं श्री नीरज वर्मा बेस्ट अटेकर का पुरस्कार प्रदान किया गया। स्पर्धा के निष्पक्ष संचालन हेतु सर्वश्री दुर्गा प्रसाद पटनायक, अभय कुमार गनोडकर, मधुसुदन हनोटे, निर्णायक के दायित्व का निर्वहन किया। स्पर्धा के पूर्व खेल सचिव श्री पी.के.खरे ने प्रतिवेदन प्रस्तुत किया तथा संचालन उपमहाप्रबंधक (जनसम्पर्क) श्री विजय मिश्रा ने किया।

# संस्कृति महिला मण्डल ने मनाया बसंतोत्सव

संस्कृति महिला मण्डल द्वारा बिलासपुर तिफरा स्थित कल्याण भवन में बसंतोत्सव मनाया गया। इस अवसर पर एस.जी.कंपनी की नेहा पटेल ने विभिन्न प्रकार के डिश, केक एवं सब्जियॉं मइक्रोवेव में बनाने की जानकारी दी। कार्यक्रम के शुभारंभ में अध्यक्षा श्रीमती उषा अग्रवाल, सचिव ज्योति भोजक, कोषाध्यक्ष सविता श्रीवास्तव, ने दीप प्रज्जवलित कर बसंतोत्सव की शुभकामनायें दी। कार्यक्रम में हलुआ बनाने का रोचक स्पर्धा संपन्न हुई जिसमें कल्याणी जैन प्रथम, गिरजा माहलिआ द्वितीय एवं शारदा देवांगन तृतीय तथा सपन भारती को सांत्वना पुरस्कार प्राप्त हुआ। निर्णायक की भूमिका में श्रीमती उषा संधू, अर्चना बंछोर एवं नेहा पटेल रही।

# अंतरक्षेत्रीय खेल स्पर्धा में बलराम व राजेश ने मड़वा परियोजना का नाम किया रौशन



कोरबा पश्चिम क्षेत्र में आयोजित अंतरक्षेत्रीय शक्तितोलन एवं शरीर सौष्ठव प्रतियोगिता 2015-16 में श्री बलराम वस्त्रकार और श्री राजेश कसेर ने मड़वा परियोजना का नाम रौशन किया। विजयी खिलाड़ियों को कार्यपालक निदेशक श्री ए.के. सिंह ने बधाई दी। गौरवशाली क्षण में कार्यपालक निदेशक ने दोनों खिलाड़ियों को ट्रॉफी भेंटकर उम्मीद जताई कि आगे भी इसी तरह का वे खेल प्रदर्शन करते रहेंगे। श्री बलराम वस्त्रकार ने शक्तितोलन 66 किलोग्राम भार वर्ग के स्पर्धा में प्रथम स्थान प्राप्त किया। जबकि शरीर सौष्ठव प्रतियोगिता के तृतीय वर्ग में उन्होंने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। शरीर सौष्ठव के चतुर्थ वर्ग में राजेश कसेर ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। श्री बलराम वस्त्रकार शक्तितोलन एवं शरीर सौष्ठव में राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए चयनित किए गए हैं।

# कोरबा पश्चिम में गणतंत्र दिवस समारोह



हसदेव ताप विद्युत गृह कोरबा पश्चिम में आयोजित गणतंत्र दिवस समारोह में कार्यपालक निदेशक श्री ओ.सी.कपिला द्वारा ध्वजारोहण कर सुरक्षा सैनिकों की परेड का निरीक्षण किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि संयंत्र की इकाई क्रमांक दो द्वारा सतत् 3713.25 घण्टे विद्युत उत्पादन 666.2858 मिलियन यूनिट कर नया कीर्तिमान स्थापित किया। इसी तरह कोल हस्तांतरण विभाग ने सर्वाधिक कोल परिवहन की नई मिसाल दर्ज की। संयंत्र ने अंतर्राष्ट्रीय मानकों के अनुरूप अपनी कार्यप्रणाली तथा प्रबंधन में सुधार किया है, इसी तरह कुशलतापूर्वक कार्य करते हुए निर्धारित लक्ष्यों को आगे भी अर्जित करने का आव्हान उन्होंने किया।

इस अवसर पर अति. मुख्य अभियंता सर्वश्री एन.के.बिजौरा, ए.के.व्यास, एस.एस.गोवर्धन, राजेश वर्मा, वरिष्ठ मुख्य रसायनज्ञ श्री प्रवीण सेलट सहित सकल्प महिला मण्डल की अध्यक्षा श्रीमति पुष्पलता कपिला एवं सदस्य श्रीमती शुभा गोवर्धन, श्रीमती अंजली वर्मा, श्रीमती हंसा सेलट की गरिमामयी उपस्थिति रही। समारोह में उत्कृष्ट कर्मियों को पुरस्कृत किया गया जिनमें सहायक अभियंता सर्वश्री रामकुमार कंवर, अरूण गुप्ता, श्रीमति सुलेखा कोसे फूटान को कंपनी मुख्यालय से प्रदत्त प्रतीक चिन्ह, प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया गया। इनके अलावा स्थानीय स्तर पर उत्कृष्ट कार्य हेतु चयनित अधिकारियों-कर्मचारियों को कार्यपालक निदेशक श्री कपिला द्वारा सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन वरि.कल्याण अधिकारी श्री पी.के.दवे द्वारा किया गया।

# मटर के नमकीन व्यंजन की स्पर्धा



आदर्शिनी महिला मण्डल डंगनिया द्वारा हल्दी कुमकुम एवं मटर के नमकीन व्यंजन की प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें सदस्यों ने मंगल कामनाओं का आदान-प्रदान करते हुए स्वादिष्ट व्यंजन बनाने हेतु बढ़-चढ़ कर भागीदारी दी। प्रतिस्पर्धा के निर्णायक श्रीमति आकांक्षा राय (डायरेक्टर कुकिंग एकेडेमी) एवं श्रीमति ज्योति तिवारी (चैयरपर्सन रविशंकर विश्वविद्यालय) द्वारा जजमेंट कर श्रीमति माधुरी वर्मा को प्रथम पुरस्कार, श्रीमति मिथलेश शर्मा को द्वितीय एवं श्रीमति दिव्या पात्रीकर को तृतीय पुरस्कार के लिए चयनित किया गया। मंच का सफल संचालन कुमकुम जैन द्वारा किया गया। अध्यक्षा श्रीमति किरन सिंह ने मंडल को सम्बोधित किया एवं सचिव श्रीमति दीपा चौधरी ने आभार व्यक्त किया।

# मड़वा विद्युत गृह में सेवानिवृतजनों की विदाई



मड़वा तेंदूभाठा ताप विद्युत परियोजना में आयोजित विदाई समारोह में कार्यपालक निदेशक (सिविल परियोजना) श्री ओपी. ओझा ने अधीक्षण अभियंता (सिविल) श्री आरपी. निगम, कार्यपालन अभियंता (सिविल) श्रीएसएन. विश्वकर्मा और प्लांट सुपरवाइजर श्रेणी-दो श्री सुखीराम चौहान को सेवा प्रमाण पत्र व स्मृति चिह्न भेंट किया। श्री ओझा ने परियोजना की ओर से उन्हें स्वस्थ्य व मंगलमय जीवन की शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर सेवानिवृतजनों ने सेवा यात्रा के दौरान अपने सहकर्मियों एवं अधिकारियों से मिले स्नेह के लिए आभार जताया। कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ कल्याण अधिकारी श्री एसके. शर्मा ने किया। इस मौके पर अतिरिक्त मुख्य अभियंता (परियोजना) श्री एसपी. चेलकर समेत परियोजना के अधिकारी व कर्मचारी बड़ी संख्या में मौजूद थे।


# ॥ कुर्यात सदा मंगलम् ॥

## अंकिता संग अविचल



छत्तीसगढ़ राज्य पॉवर वितरण कंपनी के कार्यालय कार्यपालन अभियंता (संचारण/संधारण) संभाग भिलाई-3 में कार्यरत श्री सुधीर कुमार ताम्रकार, वरिष्ठ शीघ्रलेखक की सुपुत्री सौ.कां. अंकिता का शुभ विवाह भिलाई निवासी श्री अरूण ताम्रकार के सुपुत्र चि.अविचल के साथ 29 जनवरी, 2016 को भिलाई (दुर्ग) में सोल्लास सम्पन्न हुआ। बधाई ...

## रूचि संग क्षितीज



छत्तीसगढ़ राज्य पॉवर वितरण कंपनी के कार्यालय कार्यपालक निदेशक, बिलासपुर क्षेत्र में कार्यरत श्री राकेश शर्मा, निज सचिव की सुपुत्री कु.रूचि का शुभ विवाह कोरबा निवासी श्री एन.के.पाण्डेय के सुपुत्र चि. क्षितीज के साथ दिनांक 17 फरवरी 2016 को बिलासपुर में सोल्लास संपन्न हुआ। बधाई ...



# ॥ कुर्यात सदा मंगलम् ॥

## अंशुल संग शिप्रा



छत्तीसगढ़ राज्य पॉवर वितरण कंपनी के अतिरिक्त मुख्य अभियंता श्री विवेकानन्द पाण्डेय एवं अतिरिक्त मुख्य अभियंता श्रीमती पुष्पा पाण्डेय के सुपुत्र चि. अंशुल का शुभ विवाह देहरादून (उत्तराखंड) निवासी श्रीमति सावित्री-श्री हरीश कुमार महत की सुपुत्री सौ.कां. शिप्रा के साथ 13 दिसम्बर, 2015 को रायपुर में सोल्लास सम्पन्न हुआ। बधाई ...

## कविता संग पूनम



छत्तीसगढ़ राज्य पॉवर वितरण कंपनी रायपुर के कार्यालय कार्यपालक निदेशक (मानव संसाधन) में कार्यरत श्री पंचम लाल साहू, कार्यालय सहायक श्रेणी एक की सुपुत्री सौ.कां. कविता का शुभ विवाह भिलाई निवासी श्री हेमंत साहू के सुपुत्र चि. पूनम के साथ 16 फरवरी, 2016 को कुम्हारी (दुर्ग) में सोल्लास सम्पन्न हुआ। बधाई ...

## प्रतीक संग अंकिता



छत्तीसगढ़ राज्य पॉवर वितरण कंपनी बिलासपुर के कार्यालय कार्यपालक निदेशक (बि.क्षे.) में पदस्थ श्री अखिलेश कुमार श्रीवास्तव, अधीक्षण अभियंता के सुपुत्र चि. प्रतीक का शुभ विवाह दुर्ग निवासी श्री दीपक कुमार श्रीवास्तव की सुपुत्री सौ.कां. अंकिता के साथ 29 जनवरी, 2016 को बिलासपुर में सोल्लास सम्पन्न हुआ। बधाई ...

## अपूर्व संग रूचि



छत्तीसगढ़ राज्य पॉवर पारेषण कंपनी के कार्यालय भार प्रेषण केन्द्र, रायपुर में पदस्थ श्री संजय मैराल, कार्यपालन अभियंता के सुपुत्र चि. अपूर्व का शुभ विवाह रायपुर निवासी श्री रामचन्द्र नेने एवं श्रीमती रोहिणी की सुपुत्री सौ.कां. रूचि के साथ 4 जनवरी, 2016 को रायपुर में सोल्लास सम्पन्न हुआ। बधाई ...

## अमित संग सुदीप्ता



छत्तीसगढ़ राज्य पॉवर वितरण कंपनी बिलासपुर के कार्यालय कार्यपालक निदेशक (बि.क्षे.) में कार्यरत श्री अनूप भट्टाचार्य, कार्यालय सहायक श्रेणी एक के सुपुत्र चि. अमित का शुभ विवाह बिलासपुर निवासी श्री जयंत चटर्जी की सुपुत्री सौ.कां. सुदीप्ता के साथ 20 जनवरी, 2016 को बिलासपुर में सोल्लास सम्पन्न हुआ। बधाई ...

## गोविंद संग देविका



छत्तीसगढ़ राज्य पॉवर वितरण कंपनी के कार्यालय कार्यपालन अभियंता (संचारण/संधारण) संभाग भिलाई-3 में कार्यरत श्री सुधीर कुमार ताम्रकार, वरिष्ठ शीघ्रलेखक के सुपुत्र चि. गोविंद का शुभ विवाह रायपुर निवासी श्री ज्ञानेश्वर ताम्रकार की सुपुत्री सौ.कां. देविका के साथ 27 जनवरी, 2016 को भिलाई (दुर्ग) में सोल्लास सम्पन्न हुआ। बधाई ...

प्रमाणित किया जाता है कि पत्रिका के मेक, मुद्रण / प्रकाशन आदि गुणवत्ता एवं पत्रिका के अंदर के पृष्ठों में 90 जीएसएम आर्ट पेपर (सिनारमास) और कवर पृष्ठों में 220 जीएसएम आर्ट पेपर (सिनारमास) का उपयोग किया गया है. - मुद्रक




छायाकार : संजय टेम्बे

पॉवर कम्पनीज अध्यक्ष, प्रबंध निदेशकों के साथ दृष्टव्य हैं, गणतंत्र दिवस 2016 पर पुरस्कृत अधिकारी / कर्मचारीगण